सुप्रभात
रांची, रविवार
19.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 217




12 आयुष्मान बने यूनिसेफ इंडिया के राष्ट्रीय दूत

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

# भूत-बैताल संग निकली भोले की बारात

■ रांची पहाड़ी मंदिर में पूजा कर सीएम ने बारात को विदा किया
■ राज्यवासियों को सीएम ने दी शुभकामना, लगाया हर हर महादेव का नारा
■ बाबा की तरह राज्यपाल का भी आशीर्वाद हम सब पर बना रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, देवघर, दुमका।** शिव और शक्ति के महामिलन का पर्व महाशिवरात्रि पर बाबाधाम और बासुकीनाथ धाम में शनिवार को भूत-प्रेतों की टोली के साथ भगवान शंकर की भव्य बारात निकली। देर रात मंदिर प्रांगण में बारात पहुंची और समारोह संपन्न हुआ। इधर, रांची में पहाड़ी मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शिव-पार्वती की आरती उतार शिव बारात को विदा किया। मौके पर सीएम ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हम साल भर इस त्योहार का इंतजार करते हैं। यह हमारी परंपरा ही है, जिसे सालों से हम निभाते आ रहे हैं। सीएम ने कहा कि शिवरात्रि के शुभ अवसर पर हमारे राज्य के नये राज्यपाल ने भी शपथ ली है। हम यही उम्मीद करते हैं कि जिस तरह पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद हम सबके ऊपर बना हुआ है, उसी तरह से नये राज्यपाल का भी आशीर्वाद हम पर बनी रहे।



**देवघर में भूत-प्रेतों की टोली के साथ निकली भोले की भव्य बारात :** गौरा संग विवाह रचाने बसहा पर सवार होकर भोलेनाथ निकले, तो उनके साथ बारात में देवी-देवताओं के साथ भूत-पिशाच की टोली शामिल हुईं। लगा कि देवघर में पूरा देवलोक उतर आया। करीब पांच किलोमीटर लंबी इस बारात को देखने के लिए दो लाख से अधिक लोग जुटे थे। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने शिव बारात को रवाना किया। अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी, अभिनेत्री भाग्यश्री, अक्षरा सिंह व गायक दीपक ठाकुर ने बारात में रोड-शो भी किया। वे बारात के आकर्षण रहे। बारात में घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ी, भूत प्रेतों की टोली शामिल थी। इस वर्ष मुख्य आकर्षण जी-20 शिखर सम्मेलन व भारत के विश्व गुरु बनने की झांकी रही। नर कंकालों की टोली, स्थानीय ढोल बाजा की टोली में लोग नाचते गाते जा रहे हैं। आधी रात को बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पूर्व द्वार से मंदिर प्रांगण में प्रवेश करेगी। बारात के काफिले में लगभग 50 गाडियां शामिल थीं।

(शेष पेज 11 पर)

## वर्षों से चली आ रही परंपरा और मजबूत हो : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना में शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालुओं का पहुंचना हमारी वर्षों से चली आ रही धार्मिक आस्था का परिचायक है। आने वाली पीढ़ी भी इस परंपरा को अक्षुण्ण और मजबूती के साथ आगे बढ़ायें, हम बाबा भोलेनाथ से यह कामना करते हैं। मौके पर श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

## शिव-पार्वती ने पहनायी एक-दूजे को जयमाला



रातू रोड इंद्रपुरी शिव मंदिर प्रांगण से निकली शिवबरात में सैकड़ों शिवभक्त थे। दिल्ली के कलाकारों के शिव तांडव तथा राधा कृष्ण सुदामा का द्वारपाल के साथ संवाद की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। रातू रोड दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शिव-पार्वती का जयमाला हुआ। जिसमें सैकड़ों शिवभक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाये। यह बारात इंद्रपुरी शिव मंदिर प्रांगण से मैट्रो गली, रातू रोड, रानी सती मंदिर लेन होते हुए पहाड़ी, अलबर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, महावीर चौक होते हुए आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां शिव-पार्वती का जयमाला हुआ। शिव-बारात को रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। शिव बारात के साथ श्री शिव बरात आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह के अलावा मुख्य संरक्षक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक, संरक्षक विजय सिंह, विनय सिंह व भुपेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव बजाज, वरीय उपाध्यक्ष नवीन पपनेजा व हीरालाल पपनेजा, उपाध्यक्ष अशोक बजाज व विजय सचिव शैलेन्द्र कुमार, सह सचिव राकेश सिंह और मिंटू चौबे साथ थे।

## न्यूज डायरी

### पलामू : सड़क दुर्घटना में चार की मौत, चार घायल

पाटन, नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)। शनिवार को जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पहली घटना में पाटन में जोंड मेला से सामान बेचकर बाइक से लौट रहे दो लोगों की मौत सामने की बाइक से टकराकर हो गयी। वहीं नीलांबर-पीतांबरपुर के बसौरा में पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार बक्सखाप की सौंपी देवी और पांकी चौराहा के जब्बार मियां पिता की मौत हो गयी।

### 14वें चीफ जस्टिस 20 फरवरी को लेंगे शपथ!

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के 14वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र सोमवार को शपथ ले सकते हैं। राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें शपथ दिलायेंगे। जिसके बाद वह अपना कार्यभार संभालेंगे। शुक्रवार को विधि मंत्रालय ने जस्टिस संजय मिश्र के झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की थी।

### रेलवे लाइन निर्माण साइट पर गोलीबारी

**लातेहार।** जिला के टोरी से शिवपुर तक थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। साईं कृपा कंपनी को यह काम आवंटित हुआ है। जरी गांव स्थित साइट पर ओवरब्रिज के समीप शाम दो अज्ञात अपराधियों ने मिट्टी कटाव कार्य कर रहे पोकलेन पर गोली चलायी।

### रांची : सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र के टाटा-रांची मुख्यमार्ग एनएच-33 दुआरसिनी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक तमाड़ क्षेत्र के बुरुसिगु निवासी लंबोदर महतो और डोमड़ा टोली बाउरपीढ़ी के गोपाल महतो हैं।

### ओड़िशा में बने चक्रवात से झारखंड में छाये बादल

**रांची।** झारखंड से सटे ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में चक्रवात का असर प्रदेश के कई जिलों में दिखने लगा है। शनिवार को राजधानी रांची समेत कई जिलों में सूर्य की तपिश में कमी दिखी। कई जिलों में आंशिक बादल छाये हुए हैं। उच्चतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया है, न्यूनतम 12.5 डिग्री हो गया है।

### दूसरा टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया को 62 रन की बढ़त

**नई दिल्ली।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 62 रन की बढ़त हासिल कर ली है। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में एक रन की बढ़त मिली थी। भारत के लिए अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाये।

### जमशेदपुर : पटरी छोड़ जमीन पर दौड़ी मालगाड़ी

**जमशेदपुर।** जिले के टाटानगर रेलवे स्टेशन से तीन किमी दूर सालगाझुड़ी वेस्ट केबिन के पास शनिवार सुबह मालगाड़ी के बेपटरी हो गयी। इससे टाटा-हावड़ा-मुंबई मार्ग ठप है। रेलवे अधिकारी घटना स्थल पहुंच ट्रैक खाली कराने का प्रयास कर रहे हैं।

### विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 11 रन से हारा भारत

**केबेरा।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने भारत को 11 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाये थे।

**कृषि बिल : सीएम से मिले झामुमो-कांग्रेस के नेता-मंत्री, कहा**

# कृषि विपणन शुल्क पर पुनर्विचार करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक पर पुनर्विचार करने की अपील की है। स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्य और झामुमो नेता विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कुमार राजा ने सीएम से भेंट कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में 2 प्रतिशत टैक्स के वृद्धि पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

इन नेताओं ने सीएम को बताया कि केंद्र सरकार की जीएसटी जैसी नीतियों से पहले से ही राज्य और देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। ऐसी परिस्थिति में जनता के हित में बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में दो प्रतिशत टैक्स लगाने से जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ने की संभावना है। इसलिए इसपर पुनर्विचार करते उचित निर्णय लें। स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्यों ने सीएम को झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक-2022 की वजह से राज्य में उत्पन्न हालात से अवगत कराया।

(शेष पेज 11 पर)



**कारोबारियों की हड़ताल स्थगित :** रांची। झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक-2022 के खिलाफ कारोबारियों की हड़ताल स्थगित कर दी गयी है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं सीएम के सचिव विनय चौबे का सकारात्मक आश्वासन के बाद चैंबर ने यह निर्णय लिया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के प्रभावी होने से कृषि, कृषि आधारित उद्योगों व व्यापार जगत एवं गरीबों के बीच भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ जायेगा।

**सीपी राधाकृष्णन ने 11वें राज्यपाल के रूप में ली शपथ, कहा**

# झारखंड का विकास मेरी प्राथमिकता

■ बिना विकास के गरीबी नहीं हटायी जा सकती
■ सीएम समेत तमाम नेताओं, मंत्रियों ने दी बधाई
■ हेमंत बोले इनसे बड़ी उम्मीदें, बेहतर मार्गदर्शन देंगे
■ झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ली शपथ, सीएम ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 11वें राज्यपाल के तौर पर सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को शपथ ग्रहण किया। राजभवन परिसर के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड हाईकोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने उन्हें 11:40 बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।



सीपी राधाकृष्णन ने अंग्रेजी में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह से पहले सीपी राधाकृष्णन ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर उनकी पत्नी, अन्य परिजन, राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्णी समेत अन्य मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें बधाई दी।

**राज्यपाल बोले :** शपथ ग्रहण के बाद नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पत्रकारों से बातचीत की। कहा कि झारखंड के राज्यपाल के तौर पर शपथ ग्रहण कर बहुत खुशी हो रही है। राज्यपाल के तौर पर उनका पहला लक्ष्य झारखंड का विकास होगा। बिना विकास गरीबी नहीं हटायी जा सकती। गरीबी दूर करने के लिए जो भी जरूरी कदम होंगे, उठाये जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### नये राज्यपाल से काफी उम्मीदें हैं: मुख्यमंत्री हेमंत



सीएम हेमंत सोरेन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये राज्यपाल से राज्य को काफी उम्मीदें हैं। उम्मीद करते हैं कि वे राज्य को बेहतर मार्गदर्शन देंगे। शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, स्पीकर रवींद्र नाथ महतो, मंत्री जोबा मांझी, कोयंबटूर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन, रांची की मेयर आशा लकड़ा, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा सांसद संजय सेठ, मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख समेत हाईकोर्ट के कई जज मौजूद थे। समारोह में चेन्नई से भी काफी संख्या में लोग शामिल थे। नये राज्यपाल पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की तरह ही लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं। इनकी गिनती भाजपा के बड़े नेताओं में होती रही है।

# पेंसिल, शॉर्पनर और गीले गुड़ पर जीएसटी में कटौती

■ राज्यों को होगा बकाया क्षतिपूर्ति उपकर का भुगतान : वित्त मंत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने गीले गुड़, पेंसिल शॉर्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर जीएसटी घटाने का फैसला किया है। साथ ही, टिकाऊ कंटेनरों पर लगे टैग ट्रैकिंग डिवाइस या डेटा लॉगर्स पर जीएसटी में कुछ शर्तों के अधीन 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। बैठक के बाद शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राब का जीएसटी रेट कम किया जा रहा है। अगर खुला राब लिया जाता है, तो उसमें शून्य जीएसटी लगेगा।

**बकाये का राज्यों को होगा भुगतान :** वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों को जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) के तहत 16,982 करोड़ का बकाया क्षतिपूर्ति उपकर का भुगतान आज से शुरू कर दिया जायेगा। दूसरे शब्दों में जून का जीएसटी मुआवजे का पूरा बकाया कुल 16,982 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया जायेगा।

# जी-20 शिखर सम्मेलन : केंद्रीय मंत्री ने रांची में शुरू किया सिग्नेचर कैंपेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो ने यहां शनिवार को एक सिग्नेचर कैंपेन शुरू किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन ने अपना पहला हस्ताक्षर कर किया। वे झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने यहां पहुंचे थे। दरअसल, रांची में 2 और 3 मार्च को दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें देश-विदेश के करीब 170 प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं। इन प्रतिनिधियों को दो होटलों में ठहराया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)




# टूट गयी परंपरा: पलामू में नहीं निकली बाबा की बारात

■ पलामू में रविवार से इंटरनेट सेवा बहाल होगी
■ शांति समिति की होगी बैठक, अब तक 18 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी में वर्षों की पुरानी परंपरा कायम नहीं रह सकी। शिव बारात नहीं निकाली जा सकी। पांकी सहित आसपास के इलाके में महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले नहीं लगे। पांकी के शिव मंदिर में एक साथ मात्र पांच लोगों को ही पूजा के लिए अंदर जाने की अनुमति मिली। महाशिवरात्रि पर नहीं के बराबर श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। डीसी के अनुसार अब हालात सामान्य हैं। रविवार से प्रशासन की तरफ से धारा 144 में छूट दी जायेगी। वहीं इंटरनेट सेवा भी शुरू हो जाएगी। वहीं हिंसा को लेकर अभी तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव का रंगारंग आगाज आज

➲ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन; बॉलीवुड कलाकर बांधेंगे समां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आज यानी रविवार को रंगारंग आगाज होगा। प्रशासनिक स्तर पर इसके आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की ली गयी है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। डॉ विपिन मिश्रा स्तुति गायन के साथ इसका आगाज होगा। तीन दिनों तक चलनेवाले इस महोत्सव में देश के कई नामचीन कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

### ये कलाकार होंगे महोत्सव के मुख्य आकर्षण

महोत्सव के मुख्य आकर्षण प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर शब्बीर कुमार, मिथिला की शान नामचीन गायिका मैथिली ठाकुर, सारेगामापा लिटिल चैंप्स 2022 के रनर अथर्व बक्सी, इंडियन आइडल फेम पूजा चटर्जी व रोहन देव पाठक होंगे। राहुल मुखर्जी ग्रुप भी महोत्सव के दूसरे दिन अपनी प्रस्तुति देंगे। ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मालूम हो कि राजकीय इटखोरी महोत्सव 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होता है।



दोपहर तीन बजे सीएम करेंगे उद्घाटन

**इटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर होगा सेमिनार :** 20 फरवरी को दोपहर 1 से 3 बजे तक मां भद्रकाली मंदिर परिसर में राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर सेमिनार भी होगा। जिसमें झारखंड, बिहार एवं दिल्ली के विशेषज्ञ पुरातत्वविद तथा इतिहासकार अपना विचार रखेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन खुद काफी गंभीर हैं।

**ये बनेंगे उद्घाटन कार्यक्रम के गवाह :** तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पर्यटन मंत्री हाफीजुल हसन होंगे। अध्यक्षता सांसद सुनील सिंह करेंगे। जबकि सिमरिया विधायक किशुन दास, श्री धर्म गुरु स्वामी रविन्द्र कीर्ति, दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद व महाबोधि मंदिर बोधगया के सचिव नांगजेय दोरजी उद्घाटन कार्यक्रम के गवाह बनेंगे।

**भव्य पंडाल तैयार :** भद्रकाली मंदिर के पीछे मैदान में इटखोरी महोत्सव को लेकर भव्य पंडाल बनकर तैयार है। भव्य स्टेज व पंडाल के अंदर-बाहर लाइट की व्यवस्था है। इसमें वीवीआइपी, वीआइपी, पत्रकार बंधुओं और मंदिर प्रबंधन समिति सदस्य व आम जनता के लिए अलग गैलरी है। महोत्सव पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जायेगी।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम :** तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में अपर समाहर्ता पवन मंडल, चतरा एसडीएम सह मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष मो मुमताज अंसारी, सिमरिया एसडीएम सुधीर दास, चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, डीएसओ तुषार राय, डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाइक ने मीडिया को तैयारी की जानकारी दी। बताया कि व्यवस्था में 30 मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किये जा रहे हैं। जिला पुलिस बल के अतिरिक्त 1000 पुलिस जवान नियुक्ति होंगे।

# कराची में 4 घंटे चला ऑपरेशन तीन आतंकी समेत छह की मौत

■ ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों की मौत, 11 लोग घायल
■ कराची पुलिस मुख्यालय हमले में छह मारे गये, टीएटी ने ली जिम्मेवारी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शरई फैसल स्थित कराची पुलिस मुख्यालय (केपीओ) पर हुए आतंकी हमले में घंटों चले ऑपरेशन के बाद तीन आतंकी समेत छह लोग मारे गये। शुक्रवार की देर रात आतंकवादियों ने पुलिस मुख्यालय पर हमला कर दिया था। ऑपरेशन में तीन आतंकियों के अलावा एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की भी मौत हुई है, जबकि 11 लोग घायल हैं। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान तालिबान (टीएटी) ने ली है। पुलिस के अनुसार कराची के 5 मंजिला कराची पुलिस मुख्यालय में हथियारों से लैस आठ से 10 आतंकी घुस गये थे। शरई फैसल के सदर पुलिस स्टेशन के पास स्थित पुलिस मुख्यालय में घुसे इन आतंकियों के पास भारी विस्फोटक और हथियार थे, जिनसे ये लगातार हमला कर रहे थे। फायरिंग होने पर वहां मौजूद सुरक्षा बल के जवान मोर्चा संभालते हुए वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित निकालने की कवायद में जुट गये। पाकिस्तानी रेंजर्स और पुलिस कमांडो ने लगातार जवाबी कार्रवाई कर पुलिस मुख्यालय की कई मंजिलों से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया।

### कृषि मंत्री और सीएम के सचिव के साथ फेड्रेशन की बैठक, मंत्री बोले

# बाजार शुल्क में टैक्स की अधिकतम सीमा 2 प्रतिशत निर्धारित, हर खाद्यान्न वस्तु का अलग-अलग टैक्स

**मंडी टैक्स कलेक्शन सिस्टम को आईटी के माध्यम से बनाएगी सरल, कारोबारियों को नहीं होगी कोई परेशानी**

## बाजार शुल्क नियमावली तैयार करने के पहले किसानों और मंडी प्रतिनिधियों से राय लेगी सरकार

कृषि मंत्री बादल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली तैयार करने के पहले किसानों व्यवसायियों और मंडियों से जुड़े प्रतिनिधियों की राय लेगी। उसके बाद बाजार शुल्क से संबंधित नियमावली को लागू किया जाएगा।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कृषि मंत्री बादल और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में सचिव विनय कुमार चौबे के साथ फेड्रेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल की झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक- 2022 को लेकर शनिवार को बैठक हुई। इसमें बाजार शुल्क से संबंधित विधेयक में 2 प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण पर चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बाजार शुल्क में 2 प्रतिशत टैक्स अधिरोपन को लेकर राज्य में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। दरअसल बाजार शुल्क में टैक्स अधिरोपण की अधिकतम सीमा 2 प्रतिशत निर्धारित है। खाद्यान्नों और वस्तुओं की हिसाब से टैक्स का निर्धारण किया जाना है। सभी खाद्यान्नों का बाजार शुल्क अलग-अलग होगा।

**बाजार शुल्क को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही**

कृषि मंत्री ने कहा कि हर खाद्यान्न पर दो प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने की बात कह कर व्यवसायियों और मंडियों से संबंधित लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है, जबकि हर खाद्यान्न का बाजार शुल्क अलग-अलग निर्धारित होगा। वहीं, इस टैक्स की अधिकतम सीमा 2 प्रतिशत होगी। सरकार जो नियमावली तैयार करेगी, उसमें इसका विशेष ख्याल रखा जाना है।

**मंडी टैक्स कलेक्शन की प्रणाली होगी सरल** : सचिव विनय कुमार चौबे ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बाजार शुल्क कलेक्शन की प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के माध्यम से सरल बनाया जाएगा। मंडी टैक्स कलेक्शन सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी होगा और कारोबारियों को इसे लेकर कोई परेशानी नहीं होगी।

**राइस मिल्स को बढ़ावा दे रही सरकार** : कृषि मंत्री ने कहा कि मंडी शुल्क से राइस मिल्स और इससे जुड़े कारोबारियों पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार राइस मिल्स को लगातार बढ़ावा दे रही है। पिछले वर्ष राज्य में 19 राइस मिल्स खुले, जिसे सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराया गया आने वाले दिनों में नए राइस मिल्क खोलने की दिशा में भी सरकार लगातार कार्य कर रही है। कृषि मंत्री ने झारखंड चैंबर्स के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ऐसे में इस संबंध में भी जो बातें सामने आ रही है, वह दिग्भ्रमित करने वाली है। सरकार हर कदम पर किसानों और कारोबारियों के हित में निर्णय ले रही है, ताकि आम जनता को इसका फायदा मिल सके।

### प्राध्यापक के लिए 72 व सह प्राध्यापक के 89 पद रिक्त, 4 मार्च को इंटरव्यू

# राज्य के 5 मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर बहाल होंगे प्राध्यापक और सह प्राध्यापक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के नियंत्रण में संचालित राज्य के 5 मेडिकल कॉलेजों में प्राध्यापकों और सह-प्राध्यापकों की नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव आलोक द्विवेदी ने इस बाबत पत्राचार कर इंटरव्यू की तिथि घोषित कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार 4 मार्च को रिम्स के प्रशासनिक भवन में इंटरव्यू दे सकते हैं। संविदा पर चयनित उम्मीदवारों की सेवा दो साल के लिए होगी।

**इन मेडिकल कॉलेजों में होगी नियुक्ति** : बताते चलें कि शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (धनबाद), एमजीएम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जमशेदपुर), फुलो झानो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (दुमका), मेदनीराय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पलामू) और शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (हजारीबाग) में विभिन्न विभागों में प्राध्यापक के 72, जबकि सह प्राध्यापक के लिए 89 पद रिक्त हैं। चयनित सह प्राध्यापक को प्रतिमाह दो लाख रुपये, जबकि प्राध्यापक को ढाई लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।

### इतने पद खाली

प्राध्यापक के लिए एनाटॉमीः 4, फिजियोलॉजीः 1, बायोकेमेस्ट्रीः 2, पैथोलॉजीः 1, माइक्रोबायोलॉजीः 3, एफएमटीः 2, फामाकोलॉजीः 2, पीएसएमः 4, औषधि (मेडिसिन): 3, टीबी चेस्टः 5, शिशु रोगः 5, सर्जरीः 3, अस्थि (ऑर्थोपेडिक): 3, ईएनटीः 2, नेत्रः 4, स्त्री एवं प्रसवः 2, रेडियोलॉजीः 5, रेडियोथैरेपीः 4, एनेस्थीसियाः 3, दंत : 2, रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक): 3, चर्म एवं यौन रोगः 1, मनोरोगः 3 और फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन के 5 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा।

**सह प्राध्यापक पद–**

एनाटॉमीः 5, फिजियोलॉजीः 4, बायोकेमेस्ट्रीः 4, पैथोलॉजीः 6, माइक्रोबायोलॉजीः 2, एफएमटीः 1, फामाकोलॉजीः 2, पीएसएमः 6, औषधि(मेडिसिन): 13, टीबी चेस्टः 2, शिशु रोगः 3, अस्थि (ऑर्थोपेडिक): 3, ईएनटीः 5, नेत्रः 2, स्त्री एवं प्रसवः 1, रेडियोलॉजीः 6, रेडियोथैरेपीः 5, एनेस्थीसियाः 6, दंत :4, चर्म एवं यौन रोगः 4 और मनोरोग के 5 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

# ओड़िशा में बना चक्रवात छत्तीसगढ़ पहुंचा, झारखंड में बादल छाये, 22 फरवरी तक सुबह में रहेगी धुंध

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में चक्रवात का असर प्रदेश के कई जिलों में दिखने लगा है। शनिवार को राजधानी रांची समेत कई जिलों में सूर्य की तपिश में कमी देखी गयी। कई जिलों में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये हुए हैं। हालांकि, न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। उच्चतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, तो न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री हो गया है।

**पलामू का उच्चतम तापमान सबसे ज्यादा, गढ़वा का न्यूनतम पारा सबसे कम** : मौसम केंद्र रांची की ओर से बताया गया कि डालटेनगंज का उच्चतम तापमान 31 डिग्री हो गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा है। वहीं, गढ़वा का न्यूनतम तापमान राज्य में सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। आने वाले अगले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। लेकिन, 19 फरवरी को झारखंड के दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इसके बाद 20 से 22 फरवरी तक सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। मौसम केंद्र ने कहा है कि रांची में न्यूनतम तापमान जो 18 फरवरी को 14 डिग्री सेल्सियस रहा, 20 फरवरी को गिरकर 13 डिग्री और उसके बाद 21 फरवरी को 15 डिग्री हो जाने की उम्मीद है। 22 फरवरी को न्यूनतम तापमान 16 डिग्री होने का अनुमान है। रांची का अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक होगा।

# रांची हरमू के पंच मंदिर पहुंचे राज्यपाल, पूजा-अर्चना की



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर हरमू स्थित पंच मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने उपस्थित लोगों सहित सभी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

## खबर एक नजर में

### केंद्र ने पीएम आवास ग्रामीण के लिए दिया लक्ष्य

**रांची।** भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से डुप्लीकेट जॉब कार्ड तैयार कर आवास लेने के लिए शामिल लाभुकों की सूची में सुधार का अंतिम मौका दे दिया है। बड़े पैमाने पर कई जिलों से यह शिकायत आयी थी कि डुप्लीकेट जॉब कार्ड के जरिये आवास के लिए आवेदन किया गया था। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास प्लस में दिए गये सूची को पकड़ा और आवास आवंटन में रोक लगा दी। हालांकि, राज्य सरकार ने कई बाद इसमें सुधार करने के लिए सॉफ्टवेयर को खोलने की अनमुति मांगी। अधिकारियों के अनुसार फरवरी तक सारे डुप्लीकेट जॉब कार्ड सुधारने का मौका मिला है साथ ही केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस माह के अंत सभी लंबित आवास को स्वीकृत हर हाल में कर दिया जाये।

### एडीजी अभियान 20 को करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** पांच साल से अधिक समय से लंबित कांडों का एडीजी अभियान समीक्षा करेंगे। इसको लेकर सीआईडी आईजी ने पलामू जोनल आईजी और सभी रेल समेत रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि पांच साल से अधिक समय से लंबित कांडों एवं अभियोजन स्वीकृत्यादेश आदेश के लिए लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा एडीजी अभियान के द्वारा 20 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी। पत्र में कहा गया है कि 1 फरवरी को आयोजित बैठक में 5 साल से अधिक समय के सितंबर 2022 के अंत में लंबित कांडों से माहवार निष्पादित कांडों से संबंधित प्रमाण पत्र 5 फरवरी तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था जो अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अत: निष्पादित कांडों से संबंधित प्रमाण पत्र 18 फरवरी को निश्चित रूप से उपलब्ध कराएं।

### डालटेनगंज विधायक आलोक चौरसिया बनाम केएन त्रिपाठी : दोनों पक्षों की गवाही पूरी

**रांची।** डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई मामले में आलोक चौरसिया की ओर से गवाही पूरी हो गई। आलोक चौरसिया ने अपलना गवाही में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में उनकी उम्र 25 वर्ष थी इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य थे। साथ ही यह भी कहा गया कि उनकी ओर से अब गवाही पूरी हो गई है, अब वे अपनी ओर से और गवाह नहीं देंगे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने उनका पक्ष सुनने के बाद मामले में बहस के लिए 3 मार्च की सुनवाई निर्धारित की है। पूर्व में मामले में केएन त्रिपाठी की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। आलोक चौरसिया की ओर से प्रस्तुत किए गए सभी गवाहों ने अपनी गवाही में कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आलोक चौरसिया ने चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 25 वर्ष की सीमा पूरी कर ली थी। दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे। इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए।

### विधायक ढुल्लू महतो के गवाह ने कहा- विस चुनाव 2019 के समय झारखंड में था राष्ट्रपति शासन



**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में ढुल्लू महतो की ओर से चौथे गवाह काउंटिंग एजेंट संतोष चंद्र गौराई की गवाही कराई गई। उनकी ओर से कहा गया कि चुनाव काउंटिंग में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। गवाह का प्रति परीक्षण जलेश्वर महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल ने किया। अधिवक्ता की प्रति परीक्षण में गवाह ने कहा कि बूथ संख्या 266 में मशीन खराब थी, इसलिए काउंटिंग नहीं हुआ। अधिवक्ता ने यह भी पूछा कि जिस समय झारखंड विधानसभा चुनाव हुआ उस समय यहां किस पार्टी की सरकार थी और कौन मुख्यमंत्री थे। जिस पर गवाह ने कहा कि उस दौरान किसी पार्टी की सरकार यहां नहीं थी। चुनाव के समय यहां कोई सीएम नहीं था। तब अधिवक्ता ने पूछा कि क्या उस समय राष्ट्रपति शासन था तो गवाह ने कहा हां, उस समय झारखंड में राष्ट्रपति शासन था। ढुल्लू महतो की ओर से दी गई 7 गवाहों की सूची में से अब तक 4 गवाही पूरी हो चुकी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने अगली सुनवाई में बाघमारा के तत्कालीन रिटर्निंग ऑफिसर संजय भगत एवं तत्कालीन असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर विकास त्रिवेदी को 3 मार्च को गवाही देने के लिए उपस्थिति के संबंध में विशेष समन जारी किया है। कोर्ट ने इनके दोनों गवाहों के आने–जाने सहित अन्य खर्च के लिए ढुल्लू महतो को 10 हजार रुपए जमा कराने को कहा है।

### नॉन इंटरलॉकिंग के कारण कई ट्रेनों को रेलवे ने किया कैंसिल

- 18613 रांची-चोपन एक्सप्रेस दिनांक 20.02.2023 से 01.03.2023 तक रद्द रहेगी
- 18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस दिनांक 20.02.2023 से 01.03.2023 तक रद्द रहेगी
- 18614 चोपन-रांची एक्सप्रेस दिनांक 22.02.2023 से 02.03.2023 तक रद्द रहेगी
- 18632 चोपन-रांची एक्सप्रेस दिनांक 22.02.2023 से 02.03.2023 तक रद्द रहेगी
- 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस 24.02.2023 को रद्द रहेगी
- 18010 अजमेर-सांत्रागाछी एक्सप्रेस दिनांक 26.02.2023 को रद्द रहेगी

**रांची।** रेलवे ट्रैक अपग्रेड करने का काम जारी है। इसी के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे ने कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। वहीं कई ट्रेनों का रूट बदला गया है। ऐसे में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी न हो इसको देखते हुए टाइम–टेबल और रूट जारी किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे में ये ट्रेनें कैंसिल रहेंगी।

# विधायकों से विधानसभा में मामला उठाने की मांग करेंगे स्वास्थ्य अनुबंधकर्मी

## अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सत्र से पहले अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी स्थानीय विधायकों को अपनी समस्याओं से अवगत करायेंगे। जिला कमिटी के माध्यम से विधायकों को ज्ञापन सौंप कर मामले को विधानसभा में उठाने की मांग करेंगे। बीते 33 दिन से अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी अपने स्थायीकरण की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरने पर हैं। इनमें एनआरएचएम के तहत संविदा पर बहाल एएनएम-जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन शामिल व अन्य कर्मी शामिल हैं।

**एक सूत्री मांग, स्थायी करे राज्य सरकार** : 2014 नियमावली के तहत सीधा समायोजन के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। शनिवार को 24 जिलों से आए सैकड़ों पारा चिकित्सा कर्मियों ने आंदोलन स्थल पर पहुंच कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कर्मियों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि जब तक मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। संघ की महासचिव वीणा सिंह ने कहा कि 27 फरवरी से आहूत विधानसभा सत्र में जायज मांगों को उठाने का आग्रह विधायकों से करते हैं।

**कोरोना काल में जान की बाजी लगाकर की राज्य की सेवा** : वहीं झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकत्सा कर्मी संघ के राज्य अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना काल में हमारी पीठ थपथपाने वाले लोग आज हम सभी को भूल गए हैं। अपनी जान की बाजी लगा कर राज्य को सुरक्षित रखा है। ऐसे में हमें स्थायी करने की मांग जायज है।

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 510 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में शनिवार को राज्य स्तरीय सहाय्य योजना खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। आखरी दिन फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले खेले गए। फुटबॉल के बालिका वर्ग में पश्चिम सिंहभूम और बालकों में सरायकेला-खरसावां की टीम चैंपियन बनी। पश्चिम सिंहभूम की बालिका टीम ने फाइनल मुकाबले में सिमडेगा को 2-0 से पराजित किया। वहीं बालकों के फाइनल मैच में सरायकेला-खरसावां की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में पश्चिम सिंहभूम की टीम को 5-4 से हराकर जीत हासिल की। वहीं बरियातू में खेली गयी हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बालिका वर्ग में गुमला विजेता और सिमडेगा की टीम उपविजेता बनी। बालकों में पश्चिम सिंहभूम की टीम विजेता और गुमला की टीम उपविजेता बनी।

प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक संचार एवं तकनीकी सेवाए आरके मल्लिक ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सिमडेगा, सरायकेला, खूंटी, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम जिले से फुटबॉल, वालीबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स स्पर्धा में बालक-बालिका वर्ग के कुल 510 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम स्पर्धा में विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं 10,000 हजार रुपये और उपविजेता को 5000 रुपये की राशि दी गई। वहीं एथलेटिक्स में प्रथम स्थान वाले खिलाड़ी को मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं 10,000 हजार, दूसरे स्थान वाले खिलाड़ी को 7000 और तीसरे स्थान वाले खिलाड़ी को 5000 रुपये दिये गये।

समापन समारोह के अवसर पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, विशिष्ट अतिथि मधुकांत पाठक, महासचिव झारखंड ओलंपिक संघ, भोला नाथ सिंह हॉकी इंडिया के महासचिव, बीएन भूषण, हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव, विक्रम पाल हॉकी इंडिया सीनियर कंपटीशन मैनेजर, ओलंपियन मनोहर टोपनो, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नरेंद्र सिंह सैनी, उपनिदेशक साझा देव शंकर दास, साई प्रभारी बिनोद सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन आयोजक सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी रांची संजीत कुमार ने किया।

**मैच के परिणाम**

- हॉकी बालिका
- विजेता -गुमला 4-1
- उपविजेता -सिमडेगा
- हॉकी बालक
- विजेता- पश्चिमी सिंहभूम 2-1
- उपविजेता -गुमला
- वॉलीबाल बालक
- विजेता -पश्चिमी सिंहभूम
- उपविजेता- खूंटी
- वॉलीबाल बालिका
- विजेता -पश्चिमी सिंहभूम
- उपविजेता- गुमला
- फुटबॉल बालिका
- विजेता - पश्चिमी सिंहभूम 2-0
- उपविजेता- सिमडेगा
- फुटबॉल बालक
- विजेता- सरायकेला
- उपविजेता- पश्चिमी सिंहभूम
- एथलेटिक्स
- 200 मीटर बालक
- 1- हरीश डोंगो- सरायकेला
- 2 - सिवन बारी -पश्चिमी सिंहभूम
- 3 -सोनू कुमार - गुमला
- 200 मीटर बालिका
- 1 सेनुका महतो- सरायकेला
- 2 बोयता प्रिया सिमडेगा
- 3 जानो टीयू -पश्चिमी सिंहभूम

### यूपीए नेताओं ने कहा- उपचुनाव एक बानगी है असली लड़ाई मिशन 2024 है...

# रामगढ़ विस उपचुनाव: यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो की जीत के लिए महागठबंधन के नेताओं ने दिखायी एकजुटता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को राज्य की राजनैतिक गतिविधियां तेज है। अपने उम्मीदवार को जीताने के लिए पक्ष विपक्ष दोनों दल के नेता जनता के बीच जाकर प्रत्याशियों को जीताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। वहीं दूसरी ओर यूपीए महागठबंधन के नेताओं ने बैठक कर यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुटता दिखाई है। यूपीए नेताओं का कहना है कि उपचुनाव एक बानगी है असली लड़ाई मिशन 2024 के लिए है।

यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए महागठबंधन के नेताओं का जमावड़ा रामगढ़ में लग चुका है। यूपीए के नेताओं का स्पष्ट कहना है कि पूर्व विधायक ममता देवी को एक साजिश के तहत सजा दिलाई गयी है। इसका न्याय इस बार जनता की सबसे बड़ी अदालत में होगा।

इस संबंध में पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार का कहना है कि केंद्र सरकार जनता का पैसा अडाणी को देकर पूरी दुनिया में देश की नाक कटवा चुकी है। रामगढ़ में जनता ने भाजपा और आजसू गठबंधन के एनडीए उम्मीदवार को हराने का मूड बना लिया है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ में आजसू का गुंडा टैक्स अब कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। यूपीए नेताओं का दौरा लगातार जारी है।

### नहीं चलेगा बीजेपी का मायाजाल : बंधु तिर्की



पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि ममता देवी का पूरा परिवार बिखर गया है, मां जेल में है, बाप जनता के बीच में है और बेटा घर में बिलख रहा है। इसके बाद भी ये परिवार जनता के बीच जाकर उनका विश्वास जीतने के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कहा है कि आजसू और भाजपा के नेता पूरी तरह अपना मायाजाल फैला रहे हैं लेकिन यहां के लोग उनके मायाजाल में फंसने वाले नहीं हैं।



वहीं विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि ममता देवी को लेकर वो कोर्ट के फैसला का सम्मान करते हैं लेकिन न्याय को लेकर सबसे बड़ा निर्णय जनता की अदालत में होता है। इस बार जनता की अदालत से ममता देवी को न्याय जरूर मिलेगा।



### चंद्रप्रकाश चौधरी के दंभ को चूर करेगी रामगढ़ की जनता: राजेश



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि रामगढ़ की जनता ने 5 साल के लिए ममता देवी को विधायक बनाया था पर आंदोलन की उपज को नष्ट करने के लिए एक बड़ी साजिश रची गयी। इस समय हम सभी आंदोलन से उभरे हुए नेता एकजुट हुए हैं ताकि आजसू नेता चंद्रप्रकाश चौधरी के दंभ को चूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में लोग विटामिन ए से परेशान हैं पर रामगढ़ में चंद्र प्रकाश चौधरी लोगों को विटामिन सी दे रहे हैं, उनका ये सपना जनता कभी पूरा होने नहीं देगी।

### नहीं चलेगी आजसू की गुंडागर्दी : भुवनेश्वर

पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता का कहना है कि ममता देवी को 12 साल से जानता हूं। जब वामदलों ने भैरवा जलाशय के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था तब ममता देवी ने वहां की जनता के लिए लड़ाई लड़ रही थी। उन्होंने कहा कि आईपीएल के बाहर जब गोली चली थी, तब सरकारी तंत्र ने ममता देवी को फंसाने के लिए बड़ी साजिश रची, आज वो सफल भी हुए हैं लेकिन जनता उनका न्याय करेगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में लूट और आजसू की गुंडागर्दी के खिलाफ जनता ने 2019 में वोट किया था, एक बार फिर ममता देवी को न्याय दिलाने के लिए जनता वोट करेगी।

### प्रचार से आजसू नेता गायब : योगेंद्र महतो



पूर्व गोमिया विधायक योगेंद्र महतो का कहना है कि चंद्र प्रकाश चौधरी की वजह से रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है। उन्होंने अपनी पत्नी को विधायक बनाने के लिए पैसे की ताकत का इस्तेमाल किया है। लेकिन जनता अब आजसू टैक्स को बंद कर ममता देवी को वोट देगी। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में आजसू के स्थानीय नेता गायब हो गए हैं, जनसंपर्क अभियान में भी रांची से नेता बुलाये जा रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि रामगढ़ के आजसू नेताओं ने जमकर गुंडागर्दी मचा रखी थी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
G20
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# बम-बम भोले.... हर हर महादेव....नारे लगाता दुमुहानी तट पर उमड़ा जन सैलाब

- मंत्री बन्ना गुप्ता की मेजबानी में महाशिव रात्रि महोत्सव में हुई भव्य गंगा आरती
- कथा वाचिका जया किशोरी भी दुमुहानी तट पर जन सैलाब देख हुई अभिभूत

विशेष संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में आस्था की चाशनी में डुबो कर भीड़जुटावन राजनीति करने वाले नेताओं के लिए आज झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी तट पर सफल एवं भव्य महाशिव रात्रि महोत्सव के जरिए एक जोरदार चुनौती पेश की है। जमशेदपुर की जीवनदायिनी स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के संगम स्थल दोमुहानी की डेढ़ किलोमीटर लंबी और आधा किलो मीटर चौड़ी सुनहरे बालू तट पर महाशिवरात्रि महोत्सव में गंगा आरती देखने 35000 से अधिक लोग पहुंचे। दोमुहानी तट पहली बार जन सैलाब की उपस्थिति का गवाह बना। वैसे आस्था की चासनी में कथित विकास मॉडल को डुबोकर राजनीति करने की आदी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की पैनी नजर सुबह से दोमुहानी तट पर ही लगी हुई थी। सुबह 5:00 बजे से दोमुहानी चैट पर महाकुंभ की तर्ज पर बन्ना गुप्ता समर्थकों ने साधु-संतों के लिए शाही स्नान की व्यवस्था की थी। भाजपाइयों के चेहरे तब खिल गए जब शाही स्नान में उम्मीद से काफी कम साधु- संत स्नान करने पहुंचे। यद्यपि वहां मेजबान बन्ना गुप्ता सपत्नीक नहा-धोकर समय पर पहुंच गए थे ताकि साधु संतों का स्वागत कर सके और रुद्राभिषेक करके पुण्य के भागी बने। खैर जैसे-तैसे शाही स्नान की प्रक्रिया पूरी की गई और यहां उपस्थिति देखकर निश्चित रूप से मंत्री समर्थकों के चेहरे लटके हुए थे किंतु शाम में आयोजित गंगा आरती देखने के लिए मानो पूरा शहर दुमुहानी तट पर पहुंच गया। एक आकलन के मुताबिक 35000 से अधिक लोगों ने गंगा आरती और भोजपुरी के नामी निर्गुण लोक गायक भरत शर्मा व्यास को सुनने पहुंच गए। गंगा आरती देखने के लिए पहुंचने वालों में महिला-पुरुष, युवक-यवती और बच्चे -बच्चियां हर उम्र के लोग शामिल थे। लोग परिवार समेत गंगा आरती देखने पहुंचे थे। लोगों के लिए गंगा आरती के क्षण उस समय आनंददायी हो गए जब उन्हें चर्चित कथा वाचिका जया किशोरी जी के दर्शन हुए।

**....और खिल उठे मंत्री बन्ना गुप्ता के चेहरे**

जनसैलाब ऐसा था की दोमुहानी तक के लिए तीन संपर्क पथ ऊपर से नीचे तक श्रद्धालुओं से भर गए। जैसे-जैसे जनता का हुजूम गंगा आरती देखने के लिए पहुंचते गया, मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके समर्थकों की बाछें खिलती गईं। सुबह में जिन भाजपाइयों के चेहरे पर मुस्कान थी उनके चेहरे अब लटके हुए थे।

**मरीन ड्राइव पर जाम जैसी स्थिति**

खैर शाम 5:00 बजे से ही लोगों का हुजूम दोमुहानी ट्रैक पर पहुंचना शुरू हो गया 6:00 बजे तक मरीन ड्राइव का फोरलेन दोनों तरफ दुपहिया और चार पहिया वाहनों से करीब 2 किलोमीटर की लंबाई में भर गया। लोग दूर ही गाड़ियों को खड़ी कर करीब 1 से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके दोमुहानी पहुंचे । पूरा तट जनसैलाब से भरा हुआ था और लोग हर-हर महादेव, घर -घर महादेव जैसे गगनचुंबी नारे लगा रहे थे।



## और निखरेगी दुमुहानी की छटा, भोले बाबा का मंदिर भी बनेगा : बन्ना गुप्ता

महाशिवरात्रि महोत्सव के मेजबान झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता हर–हर महादेव के नारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वर्णरेखा और खरकाई दो नदियों के पवित्र समागम संगम स्थल पर आप सभी हजारों नगर वासियों का हार्दिक अभिनंदन है, हृदय की गहराईयों से स्वागत है आप सभी का। कथा वाचिका जया किशोरी जी के आज पावन उपस्थिति से माहौल में चार चांद लगा लग गया है। इस पूरे इलाके को मैं जल्द ही धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की कोशिश करूंगा । अगले 6 माह में दोमुहानी की छटा और भव्य रूप एक नए रूप में आप सभी नगर वासियों को दिखेगा। आप सभी का समर्थन जारी रहा तो यहां भोले बाबा का एक भव्य मंदिर भी बनेगा और आने वाले दिनों में जया किशोरी जी के प्रवचन का आयोजन भी दोमुहानी तट पर किया जाएगा।

**अभिभूत नजर आईं कथा वाचिका जया किशोरी**



शिवभक्तों का सैलाब देख कर युवा कथा वाचिका जया किशोरी भी अभिभूत नजर आई। अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर आप सबों की विशाल उपस्थिति इस बात का सबूत है कि यहां बड़ी संख्या में शिव भक्त रहते हैं। आप सभी को महाशिवरात्रि की बहुत–बहुत शुभकामनाएं, .. श्री राधे राधे।



**स्पीड न्यूज**

### जुबिली पार्क में स्थापित हुआ अग्नि



जमशेदपुर। शनिवार को जुबिली पार्क में स्थापित कर दिया गया। इस स्ट्रक्चर पर रात में जब रंगीन रौशनी की बौछार से अग्नि की लपट सा अहसास होगा। अग्नि स्ट्रक्चर को रोज गार्डेन के एरिया में स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन तीन मार्च को संस्थापक दिवस पर किया जायेगा।

### लावारिस बीमार कुत्ते का इलाज खर्च उठायेंगी मेनका गांधी

जमशेदपुर। एक स्ट्रीट डॉग काफी दिनों से बीमार था। बीमारी के संबंध में पशु प्रेमी अमर तिवारी ने पशुपालन पदाधिकारी से कई बार आग्रह किया परंतु उन्होंने हाथ खड़ा कर दिया। शनिवार को पशु–अधिकारवादी मेनका गांधी को मेल के माध्यम से सूचित किया और उनसे निवेदन किया कि इस कुत्ते का इलाज करवाया जाए। इस आग्रह पर मेनका गांधी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी को इलाज के लिए आदेश दिया और उसके बाद उन्होंने अमर तिवारी को फोन करके कहा कि आप लोग उसको अस्पताल में इलाज करवाइए और उसका सारा वह खुद भुगतान करेंगी। उसके बाद सभी लोगों ने मिलकर जुस्को अस्पताल में कुत्ते को ले गए। मौके पर आजसू नेता प्रवीण प्रसाद ,समाजसेवी मुन्ना सिंह ,अमित सिंह, शुभम केडिया, जयवर्धन समेत अन्य बस्ती वासी उपस्थित थे।

### आनंद मार्ग के शिविर में हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

जमशेदपुर। आनंद मार्ग एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से पिछले दिनों मोतियाबिंद जांच शिविर में चयनित 6 मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन कर 18 फरवरी को मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाया । पूर्णिमा नेत्रालय एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सहयोग से गदरा आनंद मार्ग जागृति (गदरा शिव मंदिर के पास) मुफ्त नेत्र जाँच का आयोजन किया गया था जिसमें 30लोगों का आंखों का जांच हुआ था, शिविर के चयनित 6 मोतियाबिंद रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन कर लेस लगाया गया , दवा एवं चश्मा देकर सभी को घर पहुंचा दिया गया।

### शौर्या इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन

जमशेदपुर। शौर्या इंटर प्राइजेज ऑल व्हीकल सर्विस एंड डेटिंग पेंटिंग का उद्घाटन फदलोगोरा, एनएच – ३३ परडीह में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं हिन्द आईटीआई के डायरेक्टर डॉ ताहिर हुसैन के सुभ हाथों द्वारा प्रतिष्ठान का उद्घाटन करवाया गया। इस अवसर पर ऑनर दिवाकर शुक्ला , विनोद शर्मा ओपनिंग सेरेमनी में सामिल गेस्ट शकील अहमद, मो० आलम, नरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, श्याम सुंदर शर्मा , बिपुल कुमार, अभिनव कुमार, थोक कपड़ा विक्रेता रांची मेग्मा, सेल्स हेड मनीष पूरी, रिजवान अहमद रोयल ट्रेडर्स, शादाब मिर्जा, शाहिद अफरीदी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# नयी दिल्ली में 22-23 को होगा इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन

- अधिवेशन में देश से 4500 डेलिगेट शामिल होंगे : राकेश्वर पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी देते झारखंड इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

**जमशेदपुर।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 से 23 फरवरी को होने जा रहा है। इस बात की जानकारी झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने अपने बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा और श्रमिकों की वर्तमान स्थिति एवं मजदूरों की समस्याओं के हल के निराकरण के लिए भी मंथन की जाएगी। इस अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे मुख्य अतिथि होंगे जबकि पूरे देश से करीब 4500 डेलीगेट इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी एवं दूसरे देशों के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठनों ( आई एल ओ ) के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया कि इंटक विश्व की सबसे बड़ा मजदूर संगठन है। इसमें देश के करीब तीन करोड़ 40 लाख सदस्य है, एवं पूरे देश मे करीब साढ़े 6 हजार मजदूर यूनियन इंटक से मान्यता प्राप्त है। इसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न किया जाएगा एवं देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण एवं नए लेबर कोड के संदर्भ में विचार विमर्श किया जाएगा। देश मे मजदूरो की गंभीर समस्याओं के निराकरण एवं नये लेबर कोड से मजदूरो को होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिये रणनीति बनाई जायेगी। राकेश्वर पाण्डेय ने कहा की वर्तमान बीजेपी सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए , इस महाधिवेशन में मजदूरों की समस्याओ के हल के लिये मजदूर विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष की रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार की जायेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के साथ महासचिव महेन्द्र मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता श्री जम्मी भास्कर, कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, कमलेश कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

## भोलेनाथ और मां पार्वती की कृपा से समस्त जगत का कल्याण हो : काले




भुइयाडीह शिव हनुमान मंदिर के कार्यक्रम में शिरकत करते विधायक सरयू राय और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भुइंयाडीह स्थित कल्याण नगर के श्री श्री सार्वजनिक शिव हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित शिव बारात में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय एवं विशिष्ट अतिथि हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक सह झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शामिल होकर माथा टेका। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उत्साह व उमंग से शामिल हुए। इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का महापर्व है। इस मौके पर काले ने कहा कि आज महाशिवरात्रि का अत्यन्त पवित्र त्योहार पूरे देश में श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की कृपा से समस्त जगत का कल्याण हो देवाधिदेव महादेव की कृपा से हर घर-आंगन सर्वदा धन-धान्य से भरा रहे।

## 21 को बिरसानगर कुंआ मैदान से सिदगोड़ा सूर्यधाम पहुंचेगी भव्य शोभायात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वाधान में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर शोभायात्रा, संगीतमय श्रीराम कथा एवं अन्य आयोजनों को लेकर कमेटी की तैयारी अंतिम चरण में है। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आठ दिवसीय आयोजन की सफलता और भव्यता को लेकर सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने अब तक की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन से जुड़े दायित्वधारी कार्यकर्ताओं से दिए गए कार्यों की जानकारी ली। सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में 21 फरवरी को दोपहर तीन बजे बिरसानगर जोन नंबर 1 (कुंआ मैदान) से आकर्षक झांकी, सुसज्जित रथ, रामगढ़ की बैंड-बाजा टीम, डीजे और पुष्पवर्षा और हाथों में केसरिया ध्वज के साथ हजारों भक्तों की मौजूदगी में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकलेगी।

# जुगसलाई में रेलवे फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द होगा प्रारंभ

सांसद विद्युतवरण महतो के साथ डीआरएम ने किया ब्रिज स्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित कोल्हान के व्यापारिक पहचान के रूप में स्थापित जुगसलाई क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग रेलवे ओवरब्रिज आमजनों के लिए खोल दिया गया है। ओवरब्रिज के उद्घाटन होने के पश्चात रेल प्रशासन ने रेलवे फाटक के रास्ते को पूर्ण रूप से बंद कर दिया। जिससे पैदल चलने वालों को पचास मीटर की दूरी तय करने में अतिरिक्त करीब सवा किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ रही थी। पैदल चलने वालों को हो रही इस समस्या पर जुगसलाई क्षेत्र के निवासियों ने भाजपा जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र जैन हन्नु के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो से मिलकर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शनिवार को चक्रधरपुर डिविजन के डी.आर.एम अरूण राठौर जी एवं उनकी पूरी टीम ने फुट ओवरब्रिज स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के साथ भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता व जुगसलाई निवासी मौजूद रहे।

# ज्यादा पैकेज किसी संस्थान व व्यक्ति के अच्छे होने मानक नहीं : राहुल पुरवार

खबर मन्त्र ब्यूरो




कार्यक्रम में भाग लेते उच्च तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, पियूष सिन्हा, अनन्य मित्तल, अरवा राजकमल और आइपीएस प्रभात कुमार।

**जमशेदपुर।** किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन वहां के छात्रों को मिलने वाले पैकेज से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक सरोकार के आधार पर किया जाना चाहिए। यह देखें कि वहां छात्रों को किस तरह की मूल्य आधारित शिक्षा मिलती है, ताकि वे समाज और देश के विकास में अधिक से अधिक भूमिका निभा सकें।

उक्त बातें झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने कही। वह शुक्रवार को एक्सएलआरआई में पीजीडीएम (जीएम) बैच 2022-23 के कम्युनिकेशन क्लब की ओर से आयोजित इंटरनेशनल सीईओ कांक्लेव अवेंसिस के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कांक्लेव का विषय था-बदलता व्यवसाय : जनता, उद्देश्य, संभावनाएं। पुरवार ने कांक्लेव के विषयवस्तु की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में यह काफी अच्छा विषय है। उन्होंने इसे नवाचारी बताया। उन्होंने यह कहकर अपना भाषण समाप्त किया कि निजी और सरकारी संस्थाएं समाज में समान रूप से योगदान करती हैं।

समाज में मूल्य जोड़ने के लिए, सरकार और निजी संस्थाओं दोनों को ग्राहकों, कर्मचारियों और समुदाय की भलाई पर ध्यान देना चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस जॉर्ज, डीन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा एवं अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, जमशेदपुर एसएसपी प्रभात कुमार एवं धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

**हर पोस्टिंग एक चुनौतिपूर्ण अनुभव देती है : डीसी, सरायकेला खरसावां**

सरायकेला खरसावां के डीसी अरवा राजकमल ने एक अधिकारी के रूप में अपनी यात्रा पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनका अर्थशास्त्र के प्रति काफी लगाव रहा है। उन्होंने साझा किया कि नीति के लिए अर्थशास्त्र वही है जो इंजीनियरिंग के लिए भौतिकी है, इसलिए व्यवसाय के लिए भी वास्तव में वही है जो भौतिकी इंजीनियर के लिए है, इसलिए यह आपको हर घटना का विश्लेषण करने के लिए एक परिप्रेक्ष्य देता है। अपने अनुभव के बारे में कहा कि प्रत्येक पोस्टिंग एक चुनौतीपूर्ण अनुभव है, और आप कुछ नया सीखते हैं।

**पुलिस व जनता बीच की खाई पाटने की आवश्यकता : एसएसपी**

पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि कैसे नेतृत्व को विकसित करना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां संसाधन सीमित हैं और हम जिन लोगों के साथ काम कर रहे हैं, उनके पास सीमित क्षमताएं हो सकती हैं। कैसे प्रक्रिया में एकरूपता लाकर और टीम को बदलती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप बनाकर इन चुनौतियों से पार पाया जा सकता है। उन्होंने जनता और पुलिस बल के बीच की खाई को पाटने के महत्व के बारे में भी चर्चा की।

**खबर एक नजर में**

### केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सरायकेला खरसावां आगमन के दौरान स्वागत



**गम्हरिया।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कोडरमा की सांसद व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का सरायकेला खरसावां जिला आगमन के दौरान गम्हरिया पहुंचने पर भाजपा गम्हरिया प्रखंड पूर्वी के अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में दुगार्पूजा मैदान में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शिवरात्रि के पावन अवसर पर सांसद ने गम्हरिया स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विनोद झा, अजीत सिंह, अनय सिंह, रश्मि साहू, विवेक कुमार, राकेश प्रमाणिक, मनीष मुखर्जी, कामदेव महतो, पिंटू सिंह, बाबू मिश्रा, सुनीता मिश्रा, मंजू सिंह, प्रशांत महतो, सुमन महतो के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स के पूर्व आईआर हेड दीपक सम्मानित




**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में टाटा मोटर्स के पूर्व आईआर हेड दीपक कुमार का उनकी पदोन्नति होने पर उन्हें सम्मानित किया गया ! इस अवसर पर महामंत्री आरके सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया साथ ही साथ उन्होंने कहा दीपक जी टाटा मोटर्स में उस समय ज्वाइन किए जब यहां पर यूनियन और प्रबंधन के बीच में काफी कुछ अच्छा नहीं चल रहा था उस विषम परिस्थिति को इन्होंने अपनी सूझबूझ से सुलझाया और आज एक अच्छा माहौल बनाया जिसमें यूनियन और प्रबंधन साथ चल के काम कर पा रहे हैं इन्के कार्यकाल में हम लोगों ने बेहतर वेतन समझौता संपन्न करा पाए हैं इस अवसर पर श्री दीपक कुमार ने कहा आना जाना सिस्टम का अंग है जब मैं लखनऊ से चला तो वहां के लोगों को भी ठीक उसी तरह महसूस हो रहा था जैसे आज आपको हो रहा है हमें हो रहा है किंतु कंपनी को आगे बढ़ाना हम लोगों का लक्ष्य और इसीलिए जिसे जो जिम्मेदारी दी जाती है उसका निर्वाह करना हम लोगों का कार्य है यूनियन एकजुटता के साथ प्रबंधन से तालमेल के साथ चलें इसी की अपेक्षा है एवं समय की मांग भी यही है अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया सभा का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

### श्री श्री शिव हनुमान मंदिर नीतिबाग कॉलोनी में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा का आयोजन



**जमशेदपुर।** शनिवार को श्री श्री शिव हनुमान मंदिर नीतिबाग कॉलोनी, स्लैग रोड में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन अधिवक्ता विवेक सिंह (मंदिर निर्माणकर्ता) के द्वारा किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक सिंह जी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह के द्वारा करीब 2500 शिवभक्तों के बीच पूड़ी, सब्जी, बुंदिया का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रुप से राहुल सिंह, अनूप कुमार, चंदन सिंह, विकास कुमार, दीपक मजूमदार, शुभोदीप बोस, कन्हाई गोराई, सुभाष, सत्यम, शेखर निगम, उमेश, सुशील कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### श्री श्री 1008 शिव हनुमान मंदिर सहारा सिटी मानगो में धूमधाम से महाशिवरात्रि का आयोजन



**मानगो।** शनिवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में श्री श्री 1008 शिव हनुमान मंदिर सहारा सिटी मानगो जमशेदपुर प्रांगण में कॉलोनी वासियों ने धूमधाम से महाशिवरात्रि का आयोजन एवं रुद्राभिषेक, रंगारंग कार्यक्रम, प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया, मुख्य रूप से यह सारे कार्यक्रम अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह सचिव गोपाल यादव उनके देखरेख में कॉलोनी वासियों ने मिलकर इसे पूरा किया गया। सुबह से दोपहर 1:00 बजे तक कॉलोनियों वासियों भक्तजनों के द्वारा जलाभिषेक किया गया, उसके उपरांत दोपहर 2:00 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ किया गया। रंगारंग कार्यक्रम गायक विनय बिहारी मधुर एवं कॉलोनी के बच्चे के द्वारा शिव बारात झांकी के द्वारा पूरे कॉलोनियों में भ्रमण किया गया।

# बंदूक के साये में संपन्न हुई राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा अर्चना

## • सरकारी आदेश के अनुरूप पूजा अर्चना हुई • एसपी चंदन सिन्हा दल बल के साथ मंदिर के समीप ही कैंप किये हुए थे



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** महाशिवरात्रि पूजा को लेकर राहेवीर पहाड़ी मंदिर परिसर में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। शनिवार को शिवरात्रि के मौके पर शिव बारात नहीं निकाली गई। सरकारी आदेश के अनुरूप पूजा अर्चना हुई। एसपी चंदन सिन्हा दल बल के साथ मंदिर के समीप ही कैंप किए हुए थे। रैफ के दर्जनों जवान मुख्य गेट पर मोर्चा लिए हुए थे। बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती को देखकर लोगों में भय का माहौल है। बताते चलें की इसी राहेवीर पहाड़ी मंदिर मार्ग में मुख्य चौराहा भगत सिंह चौक (मस्जिद) चौक मे तोरणद्वार लगाने को लेकर हिंसा भड़की थी। घटना के चौथे दिन भी भरी संख्या में पुलिस बल चारो ओर तैनात हैं। स्थिति को सामान्य करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड़े, एसपी चंदन सिन्हा, पूर्व पलामू एसपी इंद्रजीत महथा, एस डी ओ राजेश शाह, प्रशिक्षु आई ए एस विसपुते श्रीकांत यशवंत लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। आइआरबी, रैफ जिला बल, जैप के बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था।

### स्थिति नियंत्रण में, धारा 144 रहेगा लागू

**पांकी (पलामू)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरणद्वार मामले भड़की हिंसा में अब पांकी में स्थिति धीरे धीरे सामान्य होने लगी है। जिला प्रशासन फूक फूक कर कदम रख रहा है। एहतियातन अभी भी पूरे पांकी में धारा 144 लागू है। पलामू डीसी व एसपी पांकी मे हालात को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं, जिसका परिणाम भी दिख रहा है हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। घटना के चौथे दिन भी कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उपद्रवियों के धर पकड़ के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



### रैफ जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**पांकी।** रैपिड एक्शन फोर्स ने पांकी के पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के स्काट मे पांकी मुख्य पथ, लोहरसी रोड, राहेवीर पहाड़ी मंदिर रोड, दूब रोड व रामजानकी मंदिर रोड मे फ्लैगमार्च किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### यात्री वाहनों का परिचालन ठप

**पांकी।** पांकी से रांची, मेदिनीनगर, चतरा, हजारीबाग, लातेहार व अन्य जगहों के लिए खुलने वाली यात्री बसों का परिचालन पांकी मुख्यालय से नहीं होकर करार व बालूमाथ के जरही मोड़ से इक्के-दुक्के वाहन चले। इस दौरान निजी वाहनों के आवागमन को सुचारू रुप से चलाया गया। पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा है।

### दवा दुकानों को छोड़ शेष दुकानें रही बंद

पांकी(पलामू)। शुक्रवार को साप्ताहिक हाट होने के बावजूद पांकी बाजार की सभी दुकानें बंद रही। इस दौरान दूध, फल व सब्जियों के हाट बाजार नहीं लगे।

### समाचार संकलन करने आये मीडिया कर्मियों को रोक गया

#### मीडिया कर्मियों में आक्रोश

महाशिवरात्रि के मौके पर न्यूज कवर करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया का पांकी में जमावड़ा लगा हुआ था। मीडिया कर्मियों को न्यूज कवर करने के लिए मंदिर तक नहीं पहुंचने दिया गया। रैफ के जवानों ने मुख्य मार्ग पर ही सभी मीडिया कर्मियों को रोक दिया जिससे मीडिया कर्मी काफी प्रशासन के प्रति नाराज दिखे।

## घटना की सीबीआइ जांच हो : डॉ शशिभूषण मेहता



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूजा अर्चना करने क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता अपने कार्यकर्ताओं के साथ राहेवीर पहाड़ी शिव मंदिर पहुंचे। पुजारी सुशील कुमार मिश्रा ने पूजा संपन्न कराई। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक डॉ मेहता ने कहा की बड़ी साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है। मस्जिद के ऊपर से पथराव और पेट्रोल बम फेका जा रहा था। पांकी को दहलाने की बहुत बड़ी साजिश थी। बड़ी साजिश के तहत हिंदुओं की आस्था पर चोट किया गया है जिसे हिंदू समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। मैं इस घटना की सीबीआई जांच की मांग करता हूं। इस घटना में शामिल लोगों को प्रशासन बेनकाब करे। मीडिया को न्यूज कवर करने मन्दिर की ओर जानें से रोका गया इसपर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताया और इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।

### हिंदुओं की भावना के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं : सांसद सुनील कुमार सिंह



चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ महाशिवरात्रि के मौके पूजा अर्चना करने पैदल चलकर राहेबीर पहाड़ी शिव मंदिर पांकी पहुंचे और पूजा अर्चना की। उन्होंने इस घटना को प्रशासन की विफलता बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के महापर्व में हिंदू आस्था पर प्रहार करने की यह बहुत बड़ी साजिश है इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। षड्यंत्र करके हिंदू धर्म की आस्था पर चोट किया गया। हमलोग जनता की सेवा के लिए हैं और अगर उसमे कोई व्यवधान आता है तो उसका समाधान करके सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाना हमलोगो का कार्य है।

## स्पीड न्यूज

### लोहरा पोखरी में मलय नदी के तट पर निर्माणाधीन शिव मंदिर परिसर में लगा मेला



सतबरवा। प्रखंड क्षेत्र के तीर्थ सेतु नगरी लोहरा पोखरी में मलय नदी के तट पर निमार्णाधीन शिव मंदिर के परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेला दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन पूरा देश हर-हर महादेव और बम भोले नाथ की गुणगान कर रहा है। इस गांव के महादेव मंदिर में शिव पार्वती तथा अन्य देवी-देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा कराना मेरा मुख्य लक्ष्य है। जिला अध्यक्ष लल्लन साहू ने कहा कि बस एक ही नाम पूरे विश्व में गूंज रहा है वह भगवान महादेव है। मुखिया रिकी यादव ने कहा कि महादेव सर्वोपरि है। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्य प्रकाश साहू व संचालन सुनील विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष उर्फ गुड्डू साहू, मनोज शर्मा, अजय साहू, उदय साहू सत्येंद्र, ललन साहू के अलावे बड़ी संख्या में मेला दुगोला कार्यक्रम में श्रद्धालु मौजूद थे।

### अजगर देव धाम धजवा पहाड़ पर मेला व दुगोला कार्यक्रम का आयोजन




सतबरवा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सतबरवा स्थित अजगर देव धाम धजवा पहाड़ पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला व दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सतबरवा मुखिया रीना साहू के प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद ने कहा कि देवों के देव महादेव सब का कल्याण करते हैं। वहीं उन्होंने घोषणा किया कि पंचायत निधि से मेला स्थल पर चबूतरा का निर्माण कराया जाएगा ताकि कार्यक्रम करने में अगले वर्ष से असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया ब्रह्मदेव सिंह मुख लाल सिंह कल्लू सिंह नंदू सिंह मनोज भुइयां, विनोद मांझी समेत काफी संख्या में श्रोता तथा श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

### पूरे अनुमंडल क्षेत्र में आपसी भाईचारे और भक्तिभाव में मनी महाशिवरात्रि पर्व

**हुसैनाबाद, पलामू।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पलामू जिला प्रशासन के शख़्ती व सभी तरह के नेटवर्किंग व्यवस्था फेल रहने के वावजूद भी पूरे अनुमंडल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे आपसी भाईचारे और भक्ति वातावरण तथा सौहार्दपूर्ण से सम्पन्न हुआ। हुसैनाबाद शहर में मुख्य छठ पोखरा स्थित भगवान भाष्कर मन्दिर में सुबह से ही महिला एवं पुरुष भक्तों की कतार लगी रही हजारों लोगों ने जलाभिषेक किया। वहीं शहर के जपला रेलवे स्टेशन पर शिव मंदिर मन्दिर,रामबिगहा शिववालय,चार धाम मन्दिर, जपला चौबे शिवमंदिर, शहर में मुख्य महावीर जी भवन में शिव मंदिर, हुसैनाबाद थाना परिसर समेत शहर दर्जनों शिववालयो में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया एवं अमन शांति की कामना किया।

### दाह संस्कार में जाते हुए लोगों पर मधुमखियों ने किया हमला, कई जख्मी



**हुसैनाबाद, पलामू।** शनिवार को जपला देवरी रोड ऐ के सिंह डिग्री कॉलेज गेट के समीप अचानक मधुमखियो ने दाह संस्कार में जाते हुए लोगो पर हमला कर दिया जिससे दर्जनों से ज्यादा लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना प्राप्त होते ही खबरमंत्र के रिपोर्टर ने प्रशासन और अनुमंडलीय अस्पताल को सूचना किया, एवं एम्बुलेंस के मदद से सभी लोगो को अस्पताल पंहुचाया गया। आपको बतादे की हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचम्बा में विनय सिंह के माता, कलावती कुंवर की मृत्यु हो गयी थी जिनके दाह संस्कार करने हेतु शनिवार को जपला देवरी सोन नदी घाट पर लोग अर्थी लेकर जा रहे थे।

**घटना की सूचना पर विधायक पहुंचे अस्पताल, घायलों का जाना कुशल क्षेम :** मदुमखियो के काटने से हुए जख्मी लोगों की सूचना प्राप्त होते ही क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और सभी लोगो का कुशल क्षेम जाना और चिकित्सकों को बेहतर ढंग से सभी को इलाज हेतु निर्देशित किया।



## बोहिता शिव मंदिर व पिंडरा गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला सह दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

जीवन कुमार

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता शिव मंदिर चमरूआ पहाड़ व पिंडरा गांव में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेला सह दुगोला कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि भगवान शिव देवों के देव महादेव हैं। इनकी आराधना से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे देश में महाशिवरात्रि का त्यौहार



धूमधाम से मनाई जा रही है मगर कुछ असामाजिक तत्व के कारण सनातन धर्म के लोगों को अपने इष्ट देवता की पूजा अर्चना पुलिस की निगरानी में करनी पड़ रही है। यह पांकी ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की चिंता के विषय है। वहीं, उन्होंने कहा कि चमरूआ पहाड़ पर बीते कई वर्षों से मेला सह दुगोला कार्यक्रम का आयोजन होते आ रहा हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है तथा चबूतरा का निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा। कोरोना काल के बाद विकास की गति तेजी से चल रही है विकास के मामले में पांकी विस क्षेत्र मिसाल कायम करेगा। इस दौरान विधायक मेहता ने कमेटी को एक 11000 सहयोग राशि मेला आयोजन समिति को दिया। कार्यक्रम में बिहार के व्यास सिरजानंद पांडेय तथा श्याम जी बबुआ यादव के बीच दोगोला प्रस्तुत की गई। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया कलावती देवी, रिंकी देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, लाला प्रसाद यादव, राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष कुमार सिन्हा, लाल बिहारी प्रसाद, कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवप्रसाद सिंह, सरवन सिंह, राजबल्लभ सिंह, विष्णु देव सिंह, सुरेश सिंह, मनोज सिंह, अजय उरांव, बच्चन ठाकुर, महेश यादव, चंचल यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सेरनदाग में मलय नदी के तट पर महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेला तथा दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका सेरनदाग में मलय नदी के तट पर महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मेला तथा दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव, क्षेत्रीय मुखिया अनीता देवी मौजूद थीं। मौके पर पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि का त्यौहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु भक्त शिवालयों में सुबह से ही पूजा अर्चना कर रहे हैं और अपनी



सलामती की कामना कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव का जो भी भक्त सच्चे मन से आराधना करते है उन भक्तों को महादेव सभी मनोकामनाएं को पूर्ण करते हैं।

पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि मेला दोगोला कार्यक्रम के बहाने लोग एक स्थान पर एकत्रित होते हैं और अपनी सुख-दुख को एक दूसरे से बांटते हैं। इसी दौरान लोग समस्या का समाधान भी निकाल लेते हैं। इस दौरान भोजपुरी ब्यास सोनू सदाम, व्यास धीरज पाठक तथा राहुल पासवान ने गीत संगीत के माध्यम से देवों के देव महादेव की गुणगान किया। मौके पर श्याम बिहारी प्रसाद, सत्येंद्र पाठक, उमेश यादव, नंदकिशोर यादव, नीरज पासवान, अशोक राम, जसविंदर राम समेत काफी संख्या में श्रोता भक्त मौजूद थे।

## जपला महाकालेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, मेले का लोगो ने लिया आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर मुख्यालय से सटे हुए प्रखण्ड के ऊपरी कला पंचायत अंतर्गत ग्राम लंगरकोट मुरली पहाड़ी, महाकालेश्वर धाम के नाम से प्रसिद्ध पर्यटक केंद्र पर महाशिवरात्रि के दिन शुबह से भक्तों की कतार लगी रही ऊची पहाड़ी के सीढ़ियों पर चढ़कर लोगो ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया,हुसैनाबाद समेत आस पास के कई क्षेत्रों से यहां हर वर्ष लोग जलाभिषेक करने आते है इस पलामू में उफा फोह के स्थिति के बाद भी लाखों की संख्या श्रद्धालुओं में महाकालेश्वर धाम में जलाभिषेक किया।वहीं ग्रामीणों के द्वारा विगत कई वर्षों भव्य मेला का आयोजन किया जाता रहा हैं जिससे अस पास के शहरी ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने जम कर लुफ्त उठा एवं बच्चों समेत पुरा परिवार के लोगो के साथ आनंन्द लिया ।मेला में झूला व बच्चों के खेलने व खिलौने के कई आकर्षक वस्तु मिल रहे थे वही प्रशासनिक निर्देश के आलोक में पूजा समिति के लोगो विधि व्यवस्था को लेकर चौकन्ना दिखे,वही स्थानीय प्रशासन हुसैनाबाद थाना के एसआई राम बालक सोरेन शाहस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर मौजूद थे। मौके पर पूजा समिति के



संरक्षक डॉ रामचंद्र चौधरी,बबलू पटेल,अध्यक्ष रामवृक्ष सिंह शिवपूजन चौधरी पवन पटेल कमलेश चौधरी अरविंद शर्मा,मनोज चौधरी,अशोक चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज : भक्ति व श्रद्धा के साथ महादेव की बारात निकला





खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार की रात शहर में धूमधाम से गाजे बाजे ढोल ताशा के साथ देवों के देव महादेव की भव्य आकर्षक बारात निकाली गई। इसमें नाचते-गाते भूत-प्रेतों की टोली व श्रद्धालुओं का जत्था के साथ वर स्वरूप भगवान शिव की प्रतिमा बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बिहार के पीपरा बगाही से भगवान शिव का बारात चलकर हरिहरगंज से सटे महाराजगंज ठाकुरबाड़ी पहुंची। जहां शिव भक्त श्रद्धालुओं ने बारातियों को फूल-माला के साथ स्वागत किया। वहीं रात्रि में पूरे विधि विधान के साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। इससे पहले हरिहरगंज शहर में कई सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाकर शिव बारातियों के स्वागत में खीर, मिष्ठान्न, चना, शर्बत आदि का वितरण किया।

वहीं मेन रोड में पोस्ट आफिस के समीप भाजपा मंडल इकाई द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया । वहीं प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान शिव बारात की सुरक्षा में तत्पर रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, महामंत्री सन्नी गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, करण राजवीर, अशोक सिंह, अरुण स्वर्णकार, अमीत कुमार, दिलीप कुमार, राबर्ट गुप्ता, विमलेश पाठक, संदीप गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल थे।

**शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 9 स्थानों पर दंडाधिकारी तैनात**

**हरिहरगंज पलामू।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को शांति व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर गश्ती पदाधिकारी बीडीओ जयप्रकाश नारायण की निगरानी में 9 जगहों पर 27 दंडाधिकारियों की तैनाती की गई। हरिहरगंज शहर के शिव मंदिर ठाकुरबाड़ी में अंचल पदाधिकारी बासुदेव राय, बीपीएम मुकेश कुमार, शिव शंकर चौधरी, मछली गली में सीआई प्रगति प्रकाश, विनोद कुमार सिंह, मिथलेश पासवान, धोबी मुहल्ले में अशोक कुमार, पंकज चौधरी, विद्यासागर, अररुआ खुर्द शिव मंदिर में बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, अजित कुमार, बेलौदर में जेई संतोष कुमार, संतोष उरांव, राकेश कुमार, महावीर मंदिर में विनोद कुमार रवि, दिलीप चन्द्रवंशी, प्रवीण तिर्की आदि अधिकारी पुलिस बल के साथ तैनाती की गई है।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न, यज्ञ में महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

» हर हर महादेव की भक्ति के वातावरण में शहर

» हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद,पलामू।** शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित नव निर्मित शिव मंदिर मे शिव प्राण प्रतिष्ठा आज संपन्न हो गया महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी पूरा शहर हर हर महादेव के नमो से गूंज गया वही श्रीमद जगतगुरु रामानुजाचार्य एवं कई ब्रामम्भन आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर सभी प्रण प्रतिष्ठा किया।

वही शनिवार सुबह से ही दुदराज के महिला श्रद्धालु हजारों



यज्ञ की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु।

हजार के संख्या में नव निर्मित शिव मंदिर में जलाभिषेक व पूजा अर्चना करते हुए नजर आए वही इस मंदिर के नवनिर्माण पर शिव परिवार के द्वारा आयोजि श्री श्री 1008 यज्ञ में हजारों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिक्रमा किया।इस मौके पर यज्ञ आचार्य उपेंद्र पाण्डे ने मुख्य यजमान अनुज कुमार सिंह,रंजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, सोनू कुमार सिंह सभी के धर्मपत्नी के साथ यज्ञ मंत्र उच्चारण किया।

मौके पर यज्ञ समित के संरक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पांकी में हुई घटना से सभी तरह के नेटवर्किंग सेवा बाधित रहने के बाद भी श्रद्धालुओं का भीड़ बहुत बेहतर रहा हैं। इस मंदिर व यज्ञ ने शहर के वातावरण को शुद्ध कर दिया हैं उन्होंने सभी नगर वासियों और क्षेत्र के लोगो से 19 फरवरी रविवार को महाप्रसाद व भंडारा में शामिल होने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव विश्वनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, अभिभावक सह भूमि दाता दुधेश्वर सिंह, संतन सिंह, जितेंद्र सिंह,रामप्रवेश सिंह,लालनी सिंह प्रमोद मेहता,भोला यादव,मंटू सिंह, पंकज सिंह, उपेंद्र मेहता समेत सैकड़ो लोगो ने विधि व्यवस्था बनाया।

## महाशिवरात्रि पर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजा शिवालय, भजन कीर्तन कर झुमें श्रद्धालु



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड में शनिवार को महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों को सजाया गया। वहीं सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक तथा पूजा करने के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों द्वारा लगाए जा रहे हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंज उठा। मेन रोड स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर, अररुआ खुर्द शिव मंदिर, मणिपर्वत, मेन बाजार दुर्गा मंदिर आदि स्थानों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

जहां श्रद्धालु झुमते रहे। दुर्गा मंदिर के पुजारी श्यामसुंदर वैद्य ने बताया कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व पर भगवान शंकर तथा माता पार्वती की आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। उधर महापर्व को लेकर बाजार में काफी चहल-पहल रही। फल तथा मिष्ठान्न की जमकर खरीददारी हुई।

# बसहा बैल पर बैठ शिव चले ब्याह रचाने

## कोयलांचल में महा शिवरात्रि पर उत्सव का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के चिटाही धाम के सुप्रसिद्ध राम राज मंदिर से महाशिवरात्रि में भगवान शिव की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई. इस दौरान भूत प्रेत, शिव पार्वती विवाह, अघोरी बाबा नागा साधू जैसे विभिन्न झांकियों ने शोभायात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। मंदिर परिसर से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिवजी की बारात निकाली गई। जिसमें बाजे-गाजे भूत-प्रेत और शिवजी के रूप में झांकियां देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। शिवजी के बारात ने पूरे इलाके को शिवमय कर दिया। परिसर से शिव की बरात निकल पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर में आई। इसकी अगुवाई बाघमारा विधायक के भाई सह विधायक प्रतिनिधि सत्रुघ्न महतो ने किया। श्री रामराज मंदिर ट्रस्ट के लोग सहित शहर एवं गांव के शिव भक्तों द्वारा विभिन्न वेशभूषा में इस बरती में शामिल हुवे। मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने बताया कि, झांकी में विभिन्न रूप से आसपास एवं बंगाल लोग यहां पहुंके है। बंगाल से आई टीम की विशेष झांकी लोगों अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

### शिव बारात में भूत-पिचास बने बाराती, भव्य झांकी ने लोगों का मन मोह लिया



### बोकारो में महाशिवरात्रि धूम



**बोकारो।** महाशिवरात्रि का पर्व जिले के विभिन्न भागों मेंए शहर के सभी क्षेत्रों में धूमधाम से संपन्न हुआ। सेक्टर-आठ, बारी कोऑपरेटिव एवं चास के विभिन्न स्थानों पर शंकर भगवान की बारात गाजे.बाजे के साथए भूत-प्रेत व तरह-तरह के रूपों में सज धजकर निकली। रात्रिकालीन में शिव-पार्वती विवाह सह पूजनोत्सव सोल्लास संपन्न हुआ। कई जगह कुछ सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों ने दूध ए बेल पत्र, फल-फूल व पूजा सामग्री लोगों के बीच कैंप लगाकर वितरित किया।

## चिरकुंडा में महाशिवरात्रि उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता


**चिरकुंडा।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चिरकुंडा सेन्टर मे महाशिवरात्रि उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था में मुख्य रूप से मैथन के मुख्य अभियंता हाइडल के बीबी दास व सेन्टर की संचालिका बीके अर्चना ने शिव बाबा का झंडा फहराया।वहीं सेन्टर से शिव बाबा की झांकी निकाली गई व जुलूस की शक्ल मे नारा लगाते हुए चिरकुडा मुख्य बाजार होते हुए बाबुडंगाल पतलाबाड़ी शिवमंदिर पहुंचा उसके बाद पुनः नेहरू रोड सेन्टर पहुंचा।मौके पर पिंकी बहन,बीके उषा,बीके अनीता,बीके राधा, बीके मोनीता,बीके जोगेन्द्र ,जीतेन्द्र, मुकेश, अजय, रघुपति, नन्दु, राजेश आदि मौजुद थे। वहीं चिरकुंडा मे दो प्रमुख स्थल से शिव बारात निकली जिसमे कुमारधुबी स्टेशन के समिप स्थित पंचमंदिर व नेहरू रोड के पंचमुखी मंदिर से शिवजी की बारात निकाली गई।



# धनबादः अपार्टमेंट से गिरकर छात्रा की मौत को परिजनों ने बताया हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के भेलाटांड़ के त्रिनिटी गार्डन अपार्टमेंट की छत से गिरकर छात्रा सांगवी ठाकुर उर्फ चारू की मौत का मामला हत्या की संदेह की ओर बढ़ रहा है। इस संबंध में छात्रा के पिता ने लिखित शिकायत दे दी है। लिखित शिकायत के आधार पर अभिषेक झा, विशाल पंडित सहित तीन नामजद और एक अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। इनमें से दो लोग नाबालिग हैं और वह ट्रिनिटी गार्डन में ही रहते हैं। इस बीच इस मामले को लेकर गुरुवार को अच्छा खासा हंगामा भी हुआ था। दिन में फॉरेंसिक की टीम और रात में डॉग स्क्वायड पहुंचा।



### झाड़ियों में मिला एक पैर का जूता

शुक्रवार की सुबह सांगवी के परिजनों को अपार्टमेंट के पीछे खाली प्लॉट की झाड़ियों में उसका एक पैर का जूता मिला। तत्काल परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची और फॉरेंसिक की टीम पहुंच गई। जांच के बाद जूते की जांच की बारी आई तो परिजनों ने कहा कि पहले जूते की डॉग स्क्वायड से जांच कराई जाए, लेकिन पुलिस को डॉग स्क्वायड नहीं मिल रहा था। शाम में पुलिस ने जूता जब्त कर ले जाना चाहा, इस पर परिजन विफर पड़े। डॉग स्क्वायड से जांच कराने की मांग को लेकर परिजन अड़ गए। रात में जूते की पहरेदारी के लिए झाड़ियों के पास जनरेटर और लाइट लगा कर बैठ गए।

### सीआईएसएफ के डॉग को बुलाया गया

रात 8 बजे के बाद डीएसपी अमर कुमार पांडे की पहल पर पुलिस मधुबन से सीआईएसएफ डॉग को लेकर आई। जांच शुरू हुई, इस दौरान पकड़े गए 2 शिक्षक सहित आरोपियों को साथ रखा गया था। जूता सूंघने के बाद वह आसपास की झाड़ियों में गया। इसके बाद वह अपार्टमेंट में आ गया। इधर सांगवी के पिता के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। सांगवी की अपार्टमेंट की छत से गिरकर मौत हो गई थी, लेकिन परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। उनका कहना है कि छत से उसे फेंका गया है। सांगवी के एक पैर में तो जूता था लेकिन दूसरे पैर का जूता नहीं मिल रहा था। पुलिस इसे ढूंढ नहीं पा रही थी लेकिन परिजनों ने इसे ढूंढ निकाला और यहीं से संदेह गहराना शुरू हुआ।

## छेड़खानी और मारपीट मामले में शिकायत दर्ज

**निचितपुर।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के नगरीकला निवासी अधेड महिला इंदरा देवी ने रंगलीटांड गांव के रहने वाले एक सेवानिवृत्त कोल कर्मी सह झारखंड आन्दोलनकारी लखन महतो व उसके भाई इंन्द्रदेव महतो के खिलाफ गाली गलौज कर छेडखानी करने व मारपीट कर जख्मी कर देने की लिखित शिकायत तेतुलमारी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग किया है, पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए दोनों को पकड़ कर जेल भेज दिया तथा जख्मी महिला को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। उक्त महिला ने अपनी शिकायत में लिखा है कि मैं अपनी जमीन पर खेती कर रहा था, तभी दोनों आरोपी गाली गलौज कर मेरे साथ छेड़खानी करने लगे।

# सिंहपुर में क्षमतावर्धन का मिला प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झारखंड जैव विविधता पर्षद रांची के तत्वावधान में कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत सचिवालय के सभागार में जन जागरण केन्द्र हजारीबाग द्वारा जैव विविधता प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमुखिया तुलसी महतोए जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों तथा जन जागरण केन्द्र के समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उक्त प्रशिक्षण में बगदा, सिंहपुर, हिसीम, खैराचातर व मुरहुलसुदी पंचायत जैव विविधता प्रबंधन समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षक के रूप में भूपेन्द्र उपाध्याय ने उपस्थित सभी सदस्यों को चलचित्र के माध्यम से लोगों को जानकारी दी। पंजी में समाविष्ट विभिन्न अवयव व कृषि जैव विविधता घरेलू जैव विविधताए वन्य जैव विविधताए जलीय जैव विविधता आदि सहित जलए जंगलए जमीन एवं जीव जंतुओं के संरक्षण की जानकारी दी गई। मौके पर जन जागरण केन्द्र हजारीबाग के अश्वनी कुमारए शंभू कुमारए सौमित्र सीटए अमर केवट, राजकुमार विश्वकर्मा एवं बहादुर महतो प्रबंधन समिति के बगदा पंचायत के अध्यक्ष रमेश प्रसाद चंचल, सचिव पंकज महतो, सदस्य सुमा कुमारी मौजूद थीं।



# अनियंत्रित हाईवा ने बाप-बेटी को रौंदा, पुत्री की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** एक परिवार के लिए शनिवार का दिन ब्लैक शनिवार साबित हुआ। आए थे शादी का निमंत्रण देने लेकिन उन लोगों को क्या मालूम था कि इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। जो बच्ची हंसते-हंसते निमंत्रण कार्ड बांट रही थी, वह सदा-सदा के लिए दुनिया छोड़ देगी। शनिवार की सुबह निरसा कांटा मुख्य मार्ग पर एमपीएल में चलने वाला भारी वाहन काल बनकर सड़क पर आया और बाइक को रौंद दिया। घटना में बाइक पर सवार दो युवक तथा एक लड़की के साथ एक बकरी भी घायल हो गए। 12 वर्षीय लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके पिता भुवन पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें धनबाद भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक पर सवार दो लोग बच्ची के साथ अपनी गोद में एक पाठा लेकर निरसा से बंगाल की तरफ जा रहे थे कि घटना घट गई, पीछे से आ रहा भारी वाहन ने उनको चपेट में ले लिया।



### भारी वाहन से एमपीएल में होता है छाई प्रेषण

भारी वाहन एमपीएल में छाई प्रेषण का काम करता है। घायलों को आसपास के लोगों ने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद धनबाद भेज दिया। टक्कर मारने के बाद वाहन भाग रहा था कि पीछा करके कुछ लोगों ने खुदिया मोड़ के पास उसे पकड़ा। इस घटना के विरोध में लोगों ने थोड़ी देर के लिए सड़क जाम भी कर दी। लेकिन पुलिस ने पहुंचकर जाम हटवाया और वाहन को जब्त कर थाना ले गई। लोगो का कहना है कि एमपीएल में चलने वाले वाहन काल बनकर चलते हैं। लगातार मांग होती रही है कि कोलियरी अथवा एमपीएल में चलने वाले वाहनों की फिटनेस की जांच कराई जाए। चालकों के पास वैध लाइसेंस है कि नहीं, इसकी भी पड़ताल की जाए, लेकिन होता कुछ नहीं है और दुर्घटनाएं होती रहती है। लोग असमय गाल के गाल में समाते रहते हैं।

# कतरास क्षेत्र के कांटा घर से 17 लोगों को हटाए जाने से हड़कंप

**कतरास।** कतरास क्षेत्र संख्या 4 में जीएम एमएस दूत की करवाई से हड़कंप मच गया है बता दें कि बीसीसीएल के अंतर्गत चल रहे कांटा घरों से एक साथ 17 लोगों को हटा दिया गया है जो बेस्ट मोडीडीह काटा घर से नगेंद्र कुमार गोप ,संतोष कुमार सिंह, कुमार अनंतनारायण, रवि प्रकाश सिंह ,अंगद कुमार सिंह ,रियाज अंसारी ,अरविंद गोप, लालजी साव, नितिन कुमार सिंह ,सतेंद्र सिंह ,राजेंद्र कुमार महतो ,भोला सिंह । वहीं दूसरी और कांटा पहाड़ी कांटा घर से साबुद्दीन अंसारी, मोहन कुमार सिंह ,नरेश कुमार ,छोटू पंडित ,जयराम यादव सहित इन लोगों को हटाते हुए एरिया ऑफिस कतरास एरिया एपीएम में पोस्टिंग किया गया है।

**इन लोगों को मिला कांटा घरों का जिम्मेवारी:** बेस्ट मोडीडीह काटा घर में मानिक चंद्र चटर्जी ,रिजवान अहमद ,दुलाल चंद्र बिसवाल, सोनू कुमार सिंह, विनोद कुमार तथा कांटा पहाड़ी के कांटा घर में रईस खान ,बजरंगी कुमार ,अशोक कुमार को दी गई है।

# जमीन विवाद में दो वर्षों से स्कूल में तालाबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो से शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर एक खबर सामने या रही हैं, जहां सरकारी विद्यालय की जमीन को अपनी जमीन बताकर विद्यालय में तालाबंदी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला जिले के गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत स्थित नव प्राथमिक विद्यालय विरहोरटन्डा का हैएजहां विरहोर बच्चे पढ़ाई करते थेण यहां एक विरहोर परिवार के द्वारा उक्त विद्यालय की जमीन को अपनी जमीन बताकर लगभग पिछले दो वर्षों से विद्यालय में तालाबंदी कर दिया गया हैं। तालाबंदी होने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे कभी किसी पेड़ के नीचे तो कभी किसी चबूतरे पर बैठकर पढ़ाई करते नजर आते हैं।फिलहाल बच्चे सामुदायिक भवन के कमरे में पढ़ाई कर रहे हैं। जमीन को लेकर आरोप.विद्यालय के इस जमीन का मामला लंबे समय से चल रहा हैण बीते दिनों प्रशासन के द्वारा विद्यालय में किये गए तालाबंदी को खोल दिया गया थाए लेकिन दो दिनों के बाद फिर से विरहोर परिवार के द्वारा तालाबंदी कर दिया गयाण इस सबंध में विरहोर परिवार की महिला सावित्री देवी ने विद्यालय की जमीन को अपनी जमीन बताते हुए कहा कि एक शिक्षक के द्वारा हमें धोखे में रखकर हमारी निजी जमीन पर विद्यालय बनवा दिया गया है।

> उपायुक्त को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। चूंकि यह मामला विरहोर परिवार का है, इसलिए इसमें ज्यादा कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। उक्त परिवार को समझा-बुझाकर जल्द ही विद्यालय से तालाबंदी हटाई जाएगी।
> **कपिल कुमार, बीडीओ, गोमिया।**

# बेरमोः मुखिया ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत सियारी पंचायत के डुमरी गांव में मोहन महतो के घर से लेकर मनोज महतो के दुकान तक 15 वे वित्त के मद से 192 फीट नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत के मुखिया राम वृक्ष मुर्मु ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान कई महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर मुखिया ने कहा कि नाली निर्माण नही होने से सड़क पर पानी का जमाव हो जाता थाए जिसके चलते राहगीरों को अवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में यह समस्या ओर भी बढ़ जाती थी। इसके अलावा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए दाड़ी का निर्माण कराया जा रहा है। कहा कि मध्य विद्यालय सियारी और प्राथमिक विद्यालय धमधरवा में स्कूली बच्चों के सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर श्याम सुंदर महतो, संजय यादव, रेखा देवीए राम कुमार मुर्मुए फलजीत महतोए निशा देवीए सुनीलए रीतलालए प्रमोद महतोएनरेश चौधरीएमोहन महतोए बीरालाल मांझी मौजूद थे।

## आदिवासी संगठन ने डीवीसी हाइडल प्लांट निर्माण का किया विरोध

**बेरमो/ललपनिया।** ललपनिया स्थित आदिवासी.मूलवासी अधिकार मंच बोकारो जिला ईकाई एवं लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ का संयुक्तरूप से बैठक हुई।अध्यक्षता मनोतान बबुली सोरेन व दिनेश कुमार मुर्मू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक के उपरांत विषेश रूप से यह निर्णय लिया गया कि आदिवासियों का महान् धार्मिक स्थल लुगू पहाड़ के पिंडरा गांव के समीप प्रस्ताव पारित डीवीसी हाईडाल पावर प्लांट निर्माण को जोरदार विरोध किया जाएगा।

# धनबाद में इस्कॉन के मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन

फोटो है 18 धन 04

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर इस्कॉन धनबाद, धैया द्वारा त्रिदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 17, 18 एवं 19 फरवरी तक चलेगी। भागवत कथा करने के लिए कथा व्यास के रूप में इस्कॉन के अत्यंत वरिष्ठ वैष्णव विश्व विख्यात कथाकार श्रद्धेय श्री देवकीनंदन प्रभु जी धनबाद में पधार रहे हैं। श्रद्धेय देवकी नंदन प्रभु मात्र 17 वर्ष की आयु में इस्कॉन संस्था से जुड़े और पिछले 45 वर्षों से लगातार संस्था से जुड़े रहकर कृष्ण भक्ति का प्रचार कर रहे हैं एवं समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। प्रभु जी पूरे भारत में भागवत कथा करने के लिए सुविख्यात हैं। प्रभु जी भारत के कई भागों जैसे कि झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, इत्यादि के जोनल सेक्रेटरी हैं। वह कई मंदिरों में प्रेसिडेंट के तौर पर सेवा दे चुके हैं। वर्तमान में वे इस्कॉन के फंडरेजिंग कमिटी के प्रमुख भी हैं और विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से वह मानव कल्याण का कार्य कर रहे हैं।



### उद्घाटन में शामिल हुए बीसीसीएल अधिकारी

उद्घाटन समारोह में बीसीसीएल के टेक्निकल डायरेक्टर संजय कुमार सिंह बीसीसीएल के जीएम भवानी शंकर घोष बीसीसीएल के जीएम सिक्योरिटी माया शंकर पांडे एवं आईआईटी आईएसएम धनबाद के डायरेक्टर डॉ धीरज कुमार के सहयोग से यह उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। एवं भविष्य में जगन्नाथ पुरम जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के पास बरवाडा पांडू की झारखंड धनबाद को 5 एकड़ जमीन दान में प्राप्त हुई है जिसमें 2 एकड़ कृष्ण मुरारी जी और 3 एकड़ मंदिर के शुभचिंतकों द्वारा दान स्वरूप दी गई है इस भूमि पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। जहां श्री श्री राधा कृष्ण जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा और श्री श्री गौर निताई के विग्रह विराजमान होंगे यहां पर ब्रह्मचारी आश्रम गौशाला वैदिक गुरुकुल गेस्ट हाउस इत्यादि का भी निर्माण होगा तिरुपति और स्वर्ण मंदिर अमृतसर की तरह 24 घंटा भक्तों के लिए निशुल्क प्रसाद की व्यवस्था भी की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस को लेकर बैठक 21 को

**धनबाद।** शनिवार को सरायढेला स्थित रेखा मंडल के आवास पर 21 फरवरी अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस को लेकर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक हुआ। जिसकी अध्यक्षता रेखा मंडल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी 21 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के अवसर पर गुरदास भवन निरसा में आयोजित कार्यक्रम में धनबाद शहरी क्षेत्र का भी भागीदारी जोर शोर से रहेगा, इसके लिए समिति के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### मृत उल्लू मिलने से लोगों के बीच चर्चा

**निचितपुर।** तेतुलमारी के चन्दौर तीनपटिया धौडा के समीप विघुत सब स्टेशन के समीप शनिवार की सुबह एक उल्लू मृत पाए जाने से लोगों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी, लोगों के जुबान में जितने मुंह उतनी बात सामने आने लगी, किसी का कहना था कि विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से पक्षियों की मौत हो रही है, वही किसी का कहना था कि दूषित पर्यावरण के वजह से आए दिन पंछी मौत के मुंह में समा रहे हैं। ग्रामीण दिनेश चौहान ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर यहां पर उल्लू मारने की तीसरी घटना है, एक उल्लू को तो लोगों ने यूं ही फेंक दिया था, जबकि दूसरे उल्लू को लोगों ने अंतिम संस्कार कर उसे मिट्टी दे दिया, अब तीसरी उल्लू मरने से लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है।

### जुनकुंदर मंगल मूर्ति धाम में अखंड कीर्तन

**चिरकुंडा।** धर्म उत्थान समिति की ओर से जुनकुंदर मंगल मूर्ति धाम की वार्षिक उत्सव पर शनिवार को अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। शाम को मंदिर परिसर से तीन नंबर चिरकुंडा स्थित राम भरोसा धाम मंदिर तक भव्य शिव बारात और झांकी निकाली गई। बारात में शिव, पार्वती, नंदी, भूत पिशाच आकर्षक का केंद्र था। देर शाम मंदिर में रुद्राभिषेक और शिव विवाह हुआ। यजमान इंद्रदेव प्रसाद, बीरेंद्र अटल, विनय सिंह थे। रविवार को पूणाहुति, हवन और भंडारा होगा। मौके पर पंडित संतोष पांडेय, अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष भरत सिंह, रिंटू पाठक, राजू चौहान, राजू रक्षित, राजेश्वर साव, गुड्डू सिंह, संतोष प्रसाद, स्वरुप सरकार, निरंजन यादव, संजय चौहान, नागेश्वर रजक, पंकज कुमार, दनोज ठाकुर, राकेश शर्मा, संजय चौधरी, नंदजी पासवान, अरुण ठाकुर आदि थे।

### आरवीएस में इतिहास की प्रासंगिकता पर संगोष्ठी का आयोजन

**बोकारो।** आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में इतिहास की प्रासंगिकता विषयक संगोष्ठी आरवीएस कॉलेजए चास.बोकारो के इतिहास विभाग के संयोजन में आयोजित हुई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो आरडी उपाध्याय थेए अध्यक्षता डॉ सत्यदेव तिवारी ने की और संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रवक्ता प्रो सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। प्रो उपाध्याय ने कहा कि इतिहास अतीत का आईना है जिससे प्रेरणा लेकर वर्तमान को संवारा जा सकता है। मौके पर रविंद्र नाथ सिंहए प्रो मार्कण्डेय पांडेय, प्रोण्इंद्रजीत सिंह व डॉण्कमलेश प्रसाद सिंह ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित छात्रों में आनंद राजए अभिषेक, राहुल, संजीता, कोमल कुमारी, निधि सक्रिय रहे।

### नाई समाज ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग

**बेरमो।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन ने शुक्रवार को फुसरो स्थित कपूरी भवन में स्व कपूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनायाण कार्यक्रम में पिछड़े व दलित समाज को एकसूत्र में पिरोने का संकल्प लिया गयाण नाई संघ के अध्यक्ष दीनबंधु ठाकुर, सचिव किशोरी शर्माए उपाध्यक्ष दिनेश शर्माए विरेंद्र ठाकुर व प्रेम ठाकुर सहित भीम आर्मी संगठन के बोकारो जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास व प्रखंड अध्यक्ष नकुल रविदास ने कहा कि सभी को शिक्षित होना होगा। मौके पर डब्लू शर्माए अनूज ठाकुरए भीम शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, मनोज ठाकुर मौजूद थे।

## एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बोकारो।** विद्या भारती द्वारा इस वर्ष की प्रतिभा चयन एवं खोज प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिरए 3सी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिशु वर्ग में आयुष कुमार एवं बाल वर्ग में आयुष राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता.पिताए गुरुजनों एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य रणसुमन सिंह ने दोनों बच्चों और उनके अभिभावकों एवं उनकी तैयारी में लगे आचार्य किशुन पांडे एवं शंभु कुमार को सम्मानित किया।

### बेरमोः शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**बेरमो।** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। शनिवार की सुबह से ही पेटरवार क्षेत्र समेत बाबा विश्वेश्वर धाम समेत विभिन्न शिवालयों में पूजा.अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ लगी हुई है। सुबह से ही मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा.अर्चना की। साथ ही मंगल कामना को लेकर दरबार में मत्था टेका। इस दौरान शिवालयों को विद्युत रोशनी से सजाया गया। कई शिवालयों में 24 पहर अष्टयाम का भी आयोजन किया गया। विभिन्न शिवालयों से माइक द्वारा निकलनेवाले धार्मिक गाने से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया। वंही शाम पहर मव शिव बारात निकालने की भी तैयारी चल रही है।

### अवैध कोयले के धंधे में चूहे-बिल्ली का खेल

**धनबाद।** धनबाद बरवाडा क्षेत्र जोड़ा पीपर के पास 30 टन अवैध कोयला लदा, ट्रक पकड़ाया। जिसका नंबर बीआर 06 जीबी 8553 है ट्रक समेत ड्राइवर शिवपूजन राय कोयला कारोबारी मुकेश सिंह और गणेश पांडे व अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। इन लोगों के खिलाफ अवैध कोयला ट्रांसपोर्टिंग , सरकारी संपत्ति की चोरी, खान राजस्व को क्षति पहुंचाने का मामला है। बताया जाता है कि माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार बरवाडा पुलिस स्टेशन में दिए आवेदन के अनुसार जोड़ापीपर के सामने एनएच 19 पर अवस्थित एक स्कूल के सामने पेट्रोल पंप पर कोयला लदा ट्रक से पूछताछ के दौरान कागजात मांगने पर वह परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं कर सका, साथ ही जांच पर पता चला साहा इंडिया के नाम पर कोई भी कोल माइनिंग का डीलर लाइसेंस नहीं है झरिया निवासी मुकेश सिंह के गोधर स्थित डीपो से कोयला लोड कर बिहार जा रहा था, पांडे ने फर्जी कागजात मुहैया करवाया करता था। मुकेश सिंह का गोरखधंधा वर्षों से चल रहा था। अवैध कोयला वह बिहार यूपी अन्य राज्यों में भेजता था।

### मिथिला एकेडमी में रक्तदान शिविर आयोजित

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में परिषद के कई पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा विद्यालय के शिक्षकों ने रक्तदान किया। बीजीएच के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार एवं बीजीएच के एसीएमओ डॉण श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन हरिमोहन झाए परिषद के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमारए महासचिव अविनाश कुमार झाए स्कूल के उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरीए सचिव प्रमोद कुमार झा चन्दनए प्रदीप कुमारए सुनील चौधरीए प्राचार्य अशोक कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

समय संवाद

निजी जानकारियां हों या पल-पल की खबर ऐसे सार्वजनिक मंचों पर सब कुछ नहीं परोसा जा सकता। बच्चे जितना समय ऑनलाइन बिता रहे हैं उसी अनुपात में शोषण और दुर्व्यवहार के मामले भी बढ़ रहे हैं। शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार की घटनाएं ज्यादा हुई हैं। वहीं रिसर्च के मुताबिक ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार बने बच्चों में से 14-18 आयु वर्ग की 40 प्रतिशत लड़कियां थीं, जबकि इसी आयु वर्ग के 33 प्रतिशत लड़के इस नकारात्मक बर्ताव का शिकार बने।

# बच्चों के मन और मीडिया पर नजर



**सुधांशु कुमार**



बचपन को घेरती तकनीक के खतरों को लेकर आई एक ताजा रिपोर्ट कई मोर्चों पर चौंकाने वाली है। रिपोर्ट हर अभिभावक को यह समझाने वाली है कि मासूमियत को लीलती वर्चुअल दुनिया खुद मासूमों के लिए भी जोखिम भरी है। 'क्राइ '- चाइल्ड राइट्स एंड यू और पटना स्थित चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का यह साझा अध्ययन सचमुच चिंतित करता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश के 424 अभिभावकों, इन्हीं राज्यों के 384 शिक्षकों और तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 107 हितधारकों को लेकर किए गए इस अध्ययन में सामने आया है कि बड़ी संख्या में बच्चे ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार बन रहे हैं। अध्ययन में शामिल 33.2 प्रतिशत अभिभावकों के मुताबिक ऑनलाइन मंचों पर उनके बच्चों से अजनबियों ने न सिर्फ मित्रता करने, निजी व पारिवारिक जानकारी मांगने और रिश्तों को लेकर यौन संबंधी परामर्श देने के लिए संपर्क किया बल्कि आपत्तिजनक कंटेन्ट भी साझा किया।

असुरक्षा का घेरा

विडम्बना ही है कि वास्तविक संसार में ही नहीं वर्चुअल दुनिया में भी बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। अपने ही घर में अभिभावकों की मौजूदगी के बावजूद स्क्रीन में झांक रहे बच्चे जाने कब किस जोखिम में फंस जाएं? यह असुरक्षा और नकारात्मक संवाद और सामग्री तक सीमित नहीं है। इंटरनेट की दुनिया में मौजूद कुत्सित मानसिकता के लोग इस माध्यम का इस्तेमाल बच्चों की तस्करी के लिए भी करते हैं। कई तरह से बच्चों की जानकारी जुटाकर उनका जीवन जोखिम में डालते हैं। व्यक्तिगत जानकारियां, पारिवारिक पृष्ठभूमि और भावनात्मक कमजोरियां पता चलने से बच्चे आसानी से उनके जाल में फंस जाते हैं। जिस तादाद में बच्चे सोशल साइट्स पर एक्टिव हैं, अब्यूज और अपराध के ऐसे मामले भी अनगिनत होंगे।

तकनीकी विस्तार के दौर में सिमटती समझ

हर पल हाथ में रहने वाले स्मार्ट गैजेट्स और इंटरनेट की दुनिया ने विचारों की गहराई और हालातों की गंभीरता के प्रति समझ कम की है। इस नासमझी के फेर में जब बड़े ही उलझ गए हैं, तो बच्चों से क्या उम्मीद की जाए? आभासी संसार का जाल गांवों-कस्बों तक विस्तार पा चुका है। लेकिन इन माध्यमों के इस्तेमाल की सही समझ नदारद है। लोग न तो समझ रहे हैं और न ही समझना चाहते हैं कि वर्चुअल दुनिया के लिए भी एक आचार संहिता की दरकार है।

**उलझन में मासूम मन**

ऑनलाइन दुर्व्यवहार कोई मामूली बात नहीं है। यह बच्चों के मन-मस्तिष्क को गहराई से प्रभावित करता है। अनजान लोगों से वर्चुअल दुनिया में बने जुड़ाव के बाद ऐसी सामग्री और सवालों का सामना बच्चों को डराने वाला भी है और बालमन को बहकाने वाला भी। इसी अध्ययन में हिस्सा लेने वाले 26 प्रतिशत शिक्षकों ने पाया कि ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार बने बच्चों की मनःस्थिति और व्यवहार में भी बदलाव दिखा। इन बदलावों में काम में ध्यान न होना और बिना किसी उचित कारण के स्कूल से अनुपस्थित रहना शामिल है। बर्ताव में आए इस बदलाव के लिए 20.9 प्रतिशत शिक्षकों ने स्कूल में स्मार्टफोन का इस्तेमाल अधिक होने की बात भी कही। सामाजिक जीवन से दूर करने वाले इस आभासी संसार में समय बिताने के चलते बच्चों के शारीरिक और मानसिक संवेदनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**अभिभावकों की सजगता जरूरी**

हालांकि बच्चों के इंटरनेट इस्तेमाल को सीमित कर देने से उन्हें सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से नहीं बचाया जा सकता है। सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और सही मॉनिटरिंग से बच्चे के ज्ञान का दायरा और बढ़ सकता है। इसीलिए पाबंदी कोई हल नहीं है। हां, बच्चे यहां क्या कंटेंट देख रहे हैं? कितना समय बिता रहे हैं? इन बातों को लेकर अभिभावकों को सजग रहना जरूरी है। अभिभावकों का बच्चे में उम्र के मुताबिक आ रहे बदलावों को समझना और सार्थक संवाद करना आवश्यक है। अध्ययन बताते हैं कि भारतीय किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर सजग होने की दरकार है।

# जानने योग्य

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है और स्वतः मन में भी उठता है। सवाल यह है कि अगर सभी लोग डाक्टर हो जाये तो क्या होगा? सभी लोग वकील हो जाये तो क्या होगा? यह प्रश्न ही गलत है। प्रकृति ने संसार की रचना ही इतने अच्छे ढंग से की है कि सा कोई -सा कुछ नहीं हो जाता है। महात्मा दर्शनानंद जी इस बात की व्याख्या बहुत अच्छे ढंग से कहते रहे। भक्ति में प्राथमिक स्थिति से विश्वविद्यालय तक की स्थिति बनती है। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करें। प्रकृति सब कुछ नियंत्रण में रखती है। सब लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह सवाल पूछने के साथ यह भी सवाल है कि सब कोई डॉक्टर हो जायेगा तो, सब लोग शिक्षक होजायेगा तो, सब लोग किसान हो जायेगा तो सब कोई सब पद प्राप्त नहीं कर सकता है यह उसके प्रारब्ध के अनुसार गुरु भक्तिके अनुकूल होने से होता है। एक दूसरा सवाल है गुरु चरण की वंदना क्यों होती है? बंदऊँगुरू पद पदुम परागा

आखिर कौन सा कारण है कि तुलसीदास ने गुरू चरण की वंदना की है, उनके शरीर के बाकी अंग जैसे नाक, कान, मुंह, मस्तक आदि की वंदना नहीं की है। गुरूचरण की वंदना करने का कारण यह है कि गुरू जिस रास्ते पर चले हैं अथवा वे जिस रास्ते का अनुसरण किये है भक्तगण को उसी रास्ते पर चलना चाहिए। गुरू के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। गुरू ने जिस तरीके से ज्ञान भक्ति तथा वैराग्य धारण किया है तरीके को जानकर उसे अपनाना चाहिए। जीवन में धार्मिक ग्रंथों का ड़ा महत्व है, निम्नलिखित दर्शन धार्मिक ग्रंथ में पाये जाते हैं-

1. वेदांत दर्शन, 2. न्याय दर्शन 3. योग दर्शन 4. सांख्य दर्शन 5. वैशेषिक दर्शन 6. मीमांसा दर्शन। सांख्य दर्शन के प्रतिपादक कपिलमुनि है। सांख्य शब्द संस्कृत के शद साक्ष्य से बना है। साक्ष्य का शादिक अर्थ प्रमाण है। सांख्य में अनुसार ब्रह्म ज्ञान का द्योतक है। सांख्य का मतलब ब्रह्म ज्ञान का प्रमाण होता है। सांख्य दर्शन में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन है। यह दर्शन समान मार्ग वालों की है। आसन, प्राणायाम, यम नियम, इत्यादि से ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति इस दर्शन से होता है एक बार राजा जनक ने यह अनुष्ठान किया था। उस यज्ञ में मुख्य पुरोहित याज्ञवलक्य जी थे। चारों तरफ से विद्वान तथा पंडित आये थे। उन्हीं विद्वानों में पांचाल क्षेत्रा की भार्गी थी। बहुत विद्वानों ने याज्ञवलय जी से प्रश्न पूछे वृहदारण्यक उपनिषद उन्हीं प्रश्नों का संग्रह है। याज्ञवलय जी से पूछा गया कि पृथ्वी किससे आच्छादित है, उत्तर था जल। जल पृथ्वी के कण-कण में समाया है, बिना जल के पृथ्वी टूट जाएगी। जल किससे आच्छादित है उत्तर था अग्नि, क्योंकि अग्नि में जल समाहित हो जाती है। अग्नि वायु से आच्छादित है, वायु आकाश से आच्छादित है। आकाश मन से आच्छादित है। जा तक मन की गति है आकाश है। जा मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है तो आकाश का आभाष नहीं होता है। मन ब्रह्म में आच्छादित है, पर ब्रह्म किसी में आच्छादित नहीं है। यह पूछना अतिवाद है। ब्रह्म किसी से आच्छादित नहीं है, यह सर्वोच्च है। ब्रह्म का भाव ही ज्ञान है।

(ब्रम्ह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान



**हम** जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, ह्रदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

**नाश्ते को न करें नजरअंदाज**

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

**दही**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

**डार्क चॉकलेट**

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

**गहरी सांस**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

**सोयाबीन का तेल**

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

# पर्यावरण के हित में



**सत्यवीर नाहड़िया**

**नई** पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं। यह संग्रह पर्यावरण चेतना के साथ बाल-साहित्य को समृद्ध करेगा, ऐसा विश्वास है।

# योग को आदत बनाएं

**स्वामी मुक्तरथ**

**योग** शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, ह्रदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रेस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।

**हार्मोंस की समस्या से बचाव**

महिलाओं में हार्मोंस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

**अवसाद और तनाव में राहत**

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की समस्या भी नहीं होती है।

शोध में ये भी साबित हुआ है कि लगातार योगासन का अभ्यास करने से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने में महिलाओं को मदद मिलती है।

(लेखक सत्यानंद योग मिशन रांची से जुड़े हैं।)

# जीवन शैली पर ध्यान

दरअसल, आयुर्वेद में हमारे रोग के जो प्रमुख कारण गिनाये गये हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण हमारा आहार-विहार व जीवन शैली की विसंगतियां हैं। इसके अलावा आगंतुक रोग यानी वायरस भी हमारे आहार-विहार से शरीर में बनी कमजोर रोग प्रतिरोधकता की स्थिति ही है। हमारी रोग का प्रतिरोध करने की शक्ति भी तो हमारे आहार-विहार से ही बनेगी। ऋषियों-मुनियों को इन चीजों का पता था। तभी पूरी आयु के लिये स्वस्थ-वृत्त का विधान किया था। हमें कब जागना है, कब सोना है, कब क्या खाना है, कितना खाना है, सबका उल्लेख है। प्रातः, मध्यांतर, संध्या के समय के अनुसार, आयु के अनुसार, ऋतु के अनुसार तथा शरीर की प्रकृति के अनुसार क्या भोजन लेना है। अन्य तथ्य यह कि अलग-अलग परिस्थितियों के अनुसार क्या लेना हैं। स्वास्थ्य का मंत्र दिया गया है। आज भी देखे तो कोई भी मनुष्य ताज्जुब किये बिना नहीं रह सकता। दलअसल हमने स्वस्थ जीवन की शैली को भुला दिया है। घरेलू उपचार की पद्धतियां लुप्तप्राय हैं। हमने मान लिया है कि हरी-पीली गोली व इंजेक्शन में ही ताकत है। हमारी व्याधियों की वजह विकृत मानसकिता भी है। निस्संदेह गंभीर रोग से बीमार होने पर औषधि सेवन मजबूरी है लेकिन यदि हम ऋषि-मुनियों के बताए रास्ते पर चलें तो बुद्धिमत्ता से जीवन शैली में बदलाव लाकर स्वस्थ रहा जा सकता है। लेकिन जब आधुनिक जीवन की जटिलताओं में जीवन यापन को बाध्य होते हैं तो हमारी मनोदशा जीवन शैली को बाधित करती है? निस्संदेह, जीवन शैली ने हमारी मनोदशा को बिगाड़ा है। लेकिन एक बात तो तय है कि हम बाहर की परिस्थितियों के अनुसार जितना प्रभावित होंगे और जितना उन पर निर्भर होंगे, मन व देह की स्थितियां बनने-बिगड़ने लगेंगी। यदि हम बाहर से सकारात्मक को लाते हैं, गुणों को लाते हैं तो सुधरेंगी। यदि भय व असुरक्षा को लाते हैं तो बिगड़ेंगी। बाहर के जितने साधन मसलन सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया,

# नवीनतम तकनीक का खनन उद्योग पर प्रभाव

नवीनतम तकनीक का खनन उद्योग पर प्रभाव विषय के तहत रांची स्थित होटल रेडिशन ब्लू में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पांचवां माइनिंग कॉनक्लेव का आयोजन हुआ। इस कॉनक्लेव में झारखंड राज्य के प्रमुख खनन कंपनियों से आये कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वागत करते हुए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने खनन उद्योगों पर तकनीकों के बढते प्रभाव के बारे में बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इसकी मदद से खनन कंपनियों को अधिक आसानी से खनिजों का पता लगाने में कैसे मदद की जाती है। डॉ. प्रसाद ने अपने उद्घाटन भाषण के दौरान माइनिंग ससटेनेबिलिटी यानी सतत विकास पर भी चर्चा की।

झारखंड राज्य के खनन सचिव श्री अबू बकर सिद्दकी ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा झारखंड कोयला, लौह अयस्क, तांबा अयस्क, अभ्रक और कोबाल्ट का प्रमुख उत्पादक है। खनन में बढ़ते मशीनीकरण, कच्चे माल की उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले श्रम लागत के कारण झारखंड विश्व स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करता रहा है। आज भी हम देश में ऊर्जा



आवश्यकता को पूरा करने के लिए जीवाश्म ईंधन यानी खनन उद्योगों पर ही निर्भर है। पिछले साल ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिज्ञा को बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत 2070 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को शुद्ध शून्य तक सीमित कर देगा। झारखंड सरकार की आगामी योजनाओं पर बात करते हुए खनन सचिव ने बताया कि राज्य सरकार खनन क्षेत्रों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है जिससे कोल खनन तथा अन्य खनन अन्य क्षेत्रों पर बेहतर प्रभाव पडेगा। साथ ही झारखंड सरकार आजीविका संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए जिलेवार विस्तृत योजना पर काम कर रही है।

कार्यक्रम में मौजूद सेल (सीइटी) के निदेशक जगदीश अरोडा ने खनन उद्योंगों पर प्रकाश डालते हुए ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रे हाइड्रोजन, ब्लैक हाइड्रोजन के अंतर को समझाया तथा भविष्य में खनन उद्योग पर ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभाव पर चर्चा की और इसके फायदे के बारे में बताया।

इस कॉनक्लेव के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए स्टील अथॉरिटी के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र के कार्यकारी निदेशक श्री जगदीश अरोड़ा ने खनन क्षेत्रों में तकनीक के प्रभावों पर अपनी बात कही। इस में चर्चा करते हुए इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के क्षेत्रीय खान नियंत्रक श्री सलील संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एडवाइजर श्री टी.के. मुखर्जी, महाप्रबंधक श्याम सुंदर सेठी, एमएमडी के निदेशक शुभाजीत चौधरी, फेयरमाइन समूह के निदेशक राजीव कुमार सिंह तथा बीआइटी मेसरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुकल्याण चक्रवर्ती ने संबंधित विषय पर विस्तृत चर्चा की। कॉनक्लेव के समापन के दौरान धन्यवाद भाषण देते हुए सिटीजन फाउंडेशन के सीईओ श्री गणेश रेड्डी ने कहा इस आयोजन की तारीफ की तथा उपस्थित सभी लोगों के प्रति विशेष आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन हर्षा अग्रवाल ने किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आज दुनिया इंटरनेट पर ही चलती है

**सीए रंजीत सिंह**



भारतीय नील मोहन यू टियूब के प्रमुख बन गये हैं। यह देश के लिये गौरव की बात है। आइटी सेक्टर में भारतीयों की पूरी दुनिया में घाक हो गयी है। आज औसतन प्रत्येक मध्यवर्गीय भारतीय का फेसबुक और ह्वाट्एप अकाउंट है। और वह एक घंटे से लेकर कई घंटों तक इनमें समय व्यतीत करता है। विश्व में फेसबुक के सबेस ज्यादा उपयोगकर्ता 27 करोड़ भारतीय है। दुसरे नंबर पर अमेरिका (21 करोड़) है।भारत की एक आम गृहिणी भी ह्वाट्सएप्प पर जुड़ी हुई है। और मजदूरों से लेकर निम्न मध्य वर्ग तक के युवा सोश्ल साइट्स चलाते हैं।

किसी भी वर्ग का छात्र शिक्षा के लिये या उससे जुड़ी जानकारियों के लिये इंटरनेट चलाता है। वह अच्छे संस्थानों में नामांकन, फी, एंट्रेंस एग्जाम, पढाई की सामग्री और रिजल्ट के लिये इंटरनेट पर आश्रित है। भारतीयों के लिये इस इंटरनेट युग में गुगल शब्द का मतलब ही खोज है। यहां किसी जानकार व्यक्ति को भी गुगल बाबा नाम दे दिया जाता है।

वास्तव में 1995 से शुरू हुआ मंथर गति से चलने वाला इंटरनेट का यह सफर अब भारतीयों की जीवन शैली का एक हिस्सा है। अब हम यह मान कर चलते हैं कि, प्रत्येक इंटरनेट यूजर भारतीय का ह्वाटसएप्प और फेसबुक अकाउंट होगा ही, हम बिल का भुगतान करने से लेकर, पढाई और संगीत सीखने तक का काम इंटश्रनेट पर करते हैं। और अब भारत साधुओं, मदारियों एवं सपेरो का देश नही रहा।

14 अगस्त 1995 में भारत में इंटरनेट का शुभारंभ हुआ। तब एक मात्र इंटरनेट र्सिवत प्रदाता बीएसएनएल थी। और अधिकतम 56 केबीपीएस की स्पीड पर इंटरनेट चलता था। इंटश्रनेट का यह शुरूआती दौर भारतीयों के लिये उपयोग से ज्यादा एक रहस्यमयी और कौतूहल की चीज थी। तब देश में आज की तरह हरेक के पास लैपटॉप नही था और डेस्क्टॉप कंप्यूटर भी आम भारतीयों के बजट की चीज नही थे। सेल्यूलर फोन का आगमन नहीं हुआ था स्मार्टफोन का आविष्कार नही हुआ था। पर 1995 में लांचिग के बाद भारतीयों ने इसकी शक्ति को पहचाना। ये संयोग और सौभाग्य की बात रही कि, देश युवा आबादी से परिपूर्ण था जो किसी भी तकनीक को समझने बूझने में सक्षम थी। यही कारण था कि, इंटरनेट को भारतीयों ने मथ डाला और सपेरो, साधुओं वाले इस देश ने इंटरनेट जैसी आधुनिक संचार व्यवस्था को तरक्की का हथियार बना लिया।इंटरनेट युग के बाद भारतीयों के रहन सहन , सोच और कार्यशैली तक में बड़े बदलाव हुये। जैसे ही स्मार्टफोन का आविष्कार हुआ और इंटरनेट की उपलब्धता कंप्यूटरों के अलावा स्मार्टफोन पर हो गयी भारतीयों की जीवनशैली ही एकाएक बदलती चली गयी। दर्जनो इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर बाजार में आये और 1995 में प्रारंभ हुआ इंटरनेट कौतूहल की चीज न होकर आम भारतीयों के जीवन का अभिन्नअंग बन गया। इंटश्रनेट में विभिन्न प्रकार के भाषायी एप्प ने अंग्रेजी की बाध्यता खत्म कर दी। एक कम पढा लिखा भारतीय भी स्मार्टफोन को एक खिलौने की भांति उपयोग करते हुये इंटरनेट पर अपने जरूरी सामग्री को खोज लेता है। उसे अंग्रेजी शब्दों की भले पहचान न हो, पर वह इंटरनेट के साथ कुछ इस तरह से परिचीत है कि, वह इंटरनेट पर सब कुछ खोज लेता है। अब दुनिया की हर टॉप कंपनियों में भारतीयों की पहुंच ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय प्रतिभासंपन्न है।


# भूखमरी पर सवाल



ध्वजाधारिधाम में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, हर हर महादेव व बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा क्षेत्र

# 60 हजार शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक







**उमा शंकर**

**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारिधाम धाम में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन पहाड़ की चोटी से लेकर तलहटी तक शिवभक्तों की सैलाब उमड़ पड़ी, आलम यह था कि कोडरमा बाजार से लेकर ध्वजधारिधाम तक भक्तों का रेला लगा हुआ था। हर हर महादेव,जय भोलेनाथ का जय घोष करते हुए देर शाम तक भक्तों ने भगवान शिव माता पार्वती की पूजा अर्चना कर मंगला कामना किया तो 778 सीढ़िया चढ़ कर पहाड़ कि चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। एक अनुमान के मुताबिक शिवरात्रि के पहले दिन करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इसके पूर्व सुबह करीब 11 बजे दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सीएस डॉ अनिल कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव, नगर पंचायत कोडरमा के निवर्तमान अध्यक्ष कांति देवी, रमेश सिंह, राजकुमार यादव, विजय सिंह, रामलखन सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रो राखी भदानी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**मेले के सफल आयोजन इनका रहा अहम भूमिका :** ध्वजाधारी धाम में महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन में मनोज कुमार झुन्नू, सुनील यादव, गजेंद्र राम, अशोक यादव, सुभाष वर्णवाल, विजय यादव, मंटू विश्वकर्मा, प्रेम साव, उत्तम कुमार, अरुण लाल, अजित कुमार गोराई, विनोद कुमार मुन्ना, यमुना यादव, बैजनाथ यादव, राजेन्द्र सिंह आदि की अहम भूमिका रही।

**वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ विवाह :** देर रात्रि में देवाधिदेव भगवान महादेव और माता पार्वती की विवाह कार्यक्रम स्थानीय पुरोहित प्रयाग पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विवाह उपरांत भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना किया गया।

**कई जिलों से पहुंचे श्रद्धालु :** महाशिवरात्रि के मौके पर कोडरमा समेत हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बिहार राज्य के सीमावर्ती जिला नवादा और गया से भी भारी संख्या में श्रद्धालुगण पहुचे।

**सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है निगरानी :** ध्वजाधारिधाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पहाड़ परिसर से लेकर पहाड़ की चोटी तक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद नजर आया। पहाड़ एवं आसपास के मंदिरों व प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे पूरे मेले पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावे चप्पे चप्पे पर महिला और पुरुष बल की तैनाती की गई है। साथ ही नियंत्रण कक्ष से भी मेले की निगरानी की जा रही है।

**वाहनों के रूट बदले गए :** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजाधारिधाम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए गाड़ियों के रूट में बदलाव किया गया। पंजाब होटल के समीप स्थित हनुमान मंदिर से गाड़ियों का रूट में परिवर्तन किया गया, बड़े वाहनों को हनुमान मंदिर से होते हुए लोकाई स्थित सन्त क्लेयर्स स्कूल के निकट से बाईपास होते हुए बाघीटांड की ओर निकाला जा रहा था, इसी तरह पटना की ओर से आने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से रांची या अन्य गंतव्य की ओर रवाना किया गया। सिर्फ छोटे वाहनों को हनुमान मंदिर से कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय तक जाने की अनुमति थी।

## किसने क्या कहा

### भगवान भोलेनाथ सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें : महामंडलेश्वर

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह धाम जिले के प्रसिद्ध धरोहर है, धाम में हर तरह ही सुविधा उपलब्ध हो, इसमे आपसबों की सहभागिता आवश्यक है, उन्होंने कहा कि धाम में धीरे धीरे सभी प्रकार की सुविधाएं आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही है, उन्होनें भक्तों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया।

### जल्द होगा ध्वजाधारी धाम का सौंदर्यीकरण : उपायुक्त

उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिलेवासियों को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दो दिवसीय मेले में आगंतुक श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किया है, उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा की जल्द ही ध्वजाधारी धाम का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, पहाड़ की सीढ़ियों की मरम्मती के अलावे रेलिंग लगाने समेत अन्य कार्य किये जायेंगे।

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## महिलाओं ने किया भोलेनाथ की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत सैकड़ों शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि की पूजा अर्चना भव्य एवं धूमधाम से सुहागन महिलाओं ने 18 फरवरी शनिवार को पूजा अर्चना किया। बताते चलें कि गिद्धौर में स्थित बटेश्वर शिव मंदिर रामेश्वर शिव मंदिर कौलेश्वरी शिव मंदिर सलगा शिव मंदिर कटघरा शिव मंदिर गांगपुर शिव मंदिर बारिसाखी शिव मंदिर सिदवारी शिव मंदिर में महिलाएं अखंड सौभाग्यवती की मनोकामना करते हुए महाशिवरात्रि की पूजा किया है। लोगों ने भोलेनाथ की विवाह की अनंत कथाएं सुंदर सुशोभित एवं त्रिलोकीनाथ की अनंत आशीर्वाद पाने की कामना से महाशिवरात्रि पूजा किया जाता है इस पूजा में पति के अकाल मृत्यु से बचाने को लेकर भी कथाएं कही जाती है। अकाल मृत्यु से बचने के लिए महामृत्युंजय के जाप करने से भी महाशिवरात्रि के दिन बहुत शुभ माना गया है जिससे पुरुषों की अकाल मृत्यु का भय नहीं होता है।

### श्रद्धालुओं ने शिवालयों में की पूजा अर्चना

**रमना।** महाशिवरात्रि को लेकर शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस-पास के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य रुप से नीचे बाजार स्थित शिवबाला मंदिर, श्री सीताराम मानस मंदिर, बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, सुखदा नदी स्थित शिव मंदिर, चुंदी पहाड़ी शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में पूजा अर्चना कर मनवांक्षित फल की कामना की। वही सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर मेले का आनंद उठाया।

# महाशिवरात्रि पर शिव पहाड़ी गुफा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## गुफा में 150 फीट नीचे उतर कर की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भगवान पर आस्था हो तो कठिनाइयों का सामना कर पहाड़ के गर्भ में लोग भगवान को पूजा करने से नहीं चूक रहे है। भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय से चार किलोमीटर दूरी पर सरइया गांव स्थित भवनाथपुर चूना पत्थर खदान समूह के समीप शिव पहाड़ी गुफा में श्रद्धालु डेढ़ फीट के प्रातिक गुफा में प्रवेश कर 150 फीट नीचे उतर कर पूजा करते है। इस होल से एक बार में एक ही व्यक्ति गुफा में प्रवेश कर सकता है। लोगों का मानना है कि 200 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति को भगवान भोलेनाथ के स्वप्न में कहा था कि वे शिव पहाड़ी के गर्भ में बसे है।



गुफा में जाने के लिए कतार में लगे लोग

# 10 दिवसीय मेला का उद्घाटन



### घूमने के दौरान पैकेट मारो से रहें सावधान

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर जिले भर में व्यापक उत्साह का माहौल है। इटखोरी महोत्सव में जिले के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्वालुओं शामिल होंगे। उम्मीद की जा रही है कि तीन दिवसीय इस आयोजन में लाखो लोग आएंगे। ऐसे में असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो भीड़ का फायदा उठा घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे रहते हैं। घूमने के दौरान लोगों को अपने स्तर से भी सतर्कता बरतने की जरूरत है। आपकी जरा सी असावधानी असामाजिक तत्वों के काम को आसान कर सकता है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत मां कौलेश्वरी मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन विधिवत दीप प्रज्वलित कर नारियल तोड़ फीता काटकर शनिवार 18 फरवरी को किया गया। जिसकी अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष मटक धारी दांगी एवं संचालक परमेश्वर दांगी ने किया। जहां मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी प्रखंड प्रमुख अनीता यादव पंसंस सरिता देवी मुखिया निर्मला देवी जगदीश यादव थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल शिक्षक देवचरण दांगी समाजसेवी बालेश्वर यादव भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा उप मुखिया मंजू देवी समाजसेवी मुकेश साव व अन्य शामिल हुए। लोगों ने संबोधन करते हुए कहा कि मेला पूर्वजों का धरोहर है। एक वृक्ष के सामान है जो सृजन किया जा चुका है। इसका फल बच्चों लोगों को प्राप्त होगा।तो इसी बीच द्वारी पंचायत मुखिया ने संबोधित करते हुए कहा कि मेला शांतिपूर्ण एवं अतिथियों का आदर करना सबसे बड़ी महानता एवं उदारता है। जिससे मेला में आने वाले दिनों में बहुत अच्छा एवं उच्च मंजिल प्राप्त किया जा सकता है। मेला पूर्ण तरीके से सजधज कर तैयार हो चुका है मेला में खरीद बिक्री के लिए जानवर हिंडोला एवं तरह-तरह के मिठाई के दुकान लगे हुए हैं। मौके पर उपस्थित जवाहर दांगी पूर्व उप प्रमुख कमल यादव उमेश गोप विनोद पासवान महावीर दांगी महादेव दांगी निरंजन दांगी मनोज वर्मा एवं दर्जनों समाजसेवी उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर जोगिया नाथ धाम पर मेला का आयोजन



जोगिया नाथ धाम पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डंडई प्रखंड के तसरार पंचायत अंतर्गत टोरीकला नावाडीह ग्राम स्थित जोगिया नाथ धाम पर शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा को लेकर श्रद्धालुओ की काफी भीड़ रही है। पहाड़ी स्थित निर्माणाधीन शिव मंदिर में पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं ने मेले का आनन्द उठाया। पूजा को लेकर जोगिया बाबा मंदिर निर्माण समिति सह मेला आयोजन समिति के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सारी व्यवस्था की गई थी। यहां लगने वाले मेले में काफी दूर से लोग पहुंचते है। यहां प्रत्येक वर्ष सावन एवं शिवरात्रि के मौके पर मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। मेला आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि यहां दूर-दूर से लोग मंदिर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते है। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओ ने मेले में अपनी पसंद की वस्तुएं खरीदी।

### श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिवालयों पर किया जलाभिषेक

**गढ़वा।** महाशिवरात्रि को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय के खोन्हर, शिव ढोडा, जुड़वनिया शिव मंदिर सहित आदि शिवालयो में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिवालयों पर जलाभिषेक कर मन्नतें और दुआएं मांगी। जिले भर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जिला मुख्यालय के खोन्हर स्थित शिव मंदिर में सुबह चार बजे से ही भक्त पहुंच गए थे। सुबह दस बजे तक मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जुट गई थी। मंदिर परिसर में भारी भीड़ उमड़ने के कारण लोगों को जल चढ़ाने में परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हालांकि प्रशासन के द्वारा भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को कतार लगाकर मंदिर में प्रवेश करवाया जा रहा था।

# शिव और शक्ति की मिलन की रात है महाशिवरात्रि : मिथिलेश ठाकुर

## मंत्री ने बाबा खोन्हर नाथ सहित विभिन्न शिवालयों में किया दर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** महाशिवरात्रि के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के गिजना स्थित बाबा खोन्हर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर गढ़वा के खुशहाली एवं विकास की कामना किया। साथ ही तत्पश्चात मंत्री ने नगवा स्थित शिव मंदिर में आयोजित भंडारा का उद्घाटन, मेराल के हासनदाग में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर सहयोग प्रदान किया। साथ ही मेराल पूर्वी में पहाड़ी शिव मंदिर पहुंचकर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया एवं मेला आयोजन समिति का मनोबल बढ़ाया। जिलों के अन्य शिवालयों एवं पूजा पंडालों का मंत्री ने भ्रमण किया। बाबा खोन्हर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उद्गार व्यक्त करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद प्राप्त होने के पश्चात हमने सबसे पहले अपने निजी कोष से बाबा खोण्हरनाथ का भव्य तोरण द्वार बनावाया।

पर्यटन विभाग से इसे पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करवाया। साथ ही बाबा स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए हर संभव योजनाओं को पारित कराकर चहुमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत हूं। बाबा खोन्हर नाथ के आशीर्वाद से आज प्रांगण में करोड़ों की लागत से विवाह मंडप, शौचालय, बहुउद्देशीय भवन, चहारदीवारी, लाइट, सड़क और हर आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शिव और शक्ति की मिलन की रात है महाशिवरात्रि। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि तो हर महीने में आती है, लेकिन महाशिवरात्रि साल में एक बार आती है। आध्यात्मिक रूप से इसे प्रति और पुरूष के मिलन की रात के रूप में बताया जाता है। शिव भक्त इस दिन व्रत रखकर अपनी आराध्य का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंत्री ने कहा कि शिव पुराण की कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही शिवजी पहली बार सृष्टि में प्रकट हुए थे।

इस दिन विभिन्न स्थानों पर भगवान शिवजी की बारात भी निकाली जाती है। मंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर गढ़वा में सभी ओर आस्था की सैलाब उमड़ रही है। उन्होंने बाबा खोन्हर नाथ से गढ़वा एवं गढ़वा वासियों की सुख, समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना किया। साथ ही सभी लोगों से मिलजुल कर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि मनाने की अपील किया। मौके पर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सरकारी वकील परेश तिवारी, स्वास्थ प्रतिनिधि कंचन साहू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, धीरेंद्र चौबे, वीरेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा संयोजक रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, चंदा देवी, प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, पूरन तिवारी, नवीन पाठक, आशुतोष पांडे, राजा सिंह, आर्यन सिंह, जफर खान, रंथा नायक, मन्नजय पाठक, विवेक सिंह, आयुष सिंह, फखरे आलम, सद्दाम अंसारी, सूरज चंद्रवंशी, मयंक द्विवेदी, तहजीब खान, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



बाबा खोन्हर नाथ में पूजा अर्चना करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## एक नजर में

### हाईकोर्ट ने तिलैया थाना प्रभारी से मांगा जवाब

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया विश्रामबाग निवासी पंकज कुमार भदानी द्वारा दायर रिट नंबर 59/22 की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने तिलैया थाना प्रभारी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही थाना प्रभारी को पंकज कुमार भदानी की शिकायत पर एक वर्ष में उठाए गए कदम की जानकारी भी मांगी। जमीन की बिक्री के लिए 26 अप्रैल 2019 को एग्रीमेंट संपादित हुआ था, जिसको लेकर कुछ विवाद हुआ।

### महिला के थैले से उड़ाए साढ़े बाइस हजार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक के समीप से उच्चकों द्वारा एक महिला के थैले से करीब 22 हजार 500 रुपए टपाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना तिलैया पुलिस को दे दी गईघ है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी केघ आधार पर मामले की छानबीन मेंघ जुटी है।

### राजद का होली मिलन समारोह दो को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय कैंपस में दो मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड, पंचायत स्तर के पदाधिकारी इस होली मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी ककरचोली पंचायत मुखिया राजकुमार यादव ने दी।

### महिला मंडलों की बैठक संपन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत स्थित दक्षिणी पंचायत भवन के समीप वार्ड नंबर 9 में शनिवार को स्वर्ण जयंती स्वरोजगार कॉमप्लेक्स के महिला मंडलों की बैठक किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजद नेता मनोज रजक, समाजसेवी मोहन साव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद गुड़िया देवी ने किया।

### 102 वर्षीय गौरा देवी का निधन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी पंचायत स्थित कन्हैया नगर निवासी प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह की फुवा व मरकच्चो उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह कि दादी 102 वर्षीय गौरा देवी पति स्व.तोतो सिंह का निधन शनिवार सुबह उनके निवास स्थान ग्राम कन्हैया नगर में हो गयी। उनका दाह संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया।

### प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 29/23 दिनांक 17 फरवरी 23 धारा 307/498 (ए)/34 भाद्रवि. 3/4 दहेज प्रतिषेध मामले में आल्हो निवासी सकलदेव यादव पिता स्व. रामधनी यादव को जयनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### कृषि विधयक वापस होने तक राइस मिल रहेगा बंद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** फ्रेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्रीज के द्वारा 15 फरवरी से कृषि उत्पादन में खरीद बिक्री पर राज्य सरकार की ओर से 2 प्रतिशत कृषि शुल्क लगाये जाने के खिलाफ और उसे वापस लेने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गये। ऐसे में कोडरमा सहित पूरे राज्य के जिलों में खाद्यान्न दुकानें बंद है। इधर बंदी को लेकर कोडरमा के व्यपारियों की एक बैठक शिववाटिका में हुई, जिसमें पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी पहुंची एवं उन्होनें कहा कि मैं व्यवपारियों के साथ हूं।

### एक करोड़ रुपए की लागत से होगा चहारदीवारी का निर्माण

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में एक करोड़ रुपए की लागत से 3550 फीट चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। पर्यटन कला संसति एवं युवा कार्य विभाग द्वारा बनने वाली उक्त चहारदीवारी का टेंडर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गढ़वा में 2 मार्च को डाला जाना है। जानकारी देते हुए झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड सतबहिनी झरना तीर्थ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त चहारदीवारी के निर्माण से पूरा सतबहिनी झरना तीर्थ क्षेत्र सुरक्षित हो जाएगा। सतबहिनी झरना तीर्थ के विकास में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने वाले क्षेत्रीय विाायक रामचंद्र चंद्रवंशी को कमिटी के लोगों ने तहे दिल सध्े ान्यवाद दिया।

### ग्रामीणों ने हिरन को पकड़कर वन विभाग को सौंपा

**रमना।** थाना क्षेत्र के सिलीदाग गांव मे भटक कर पहुंचे हिरन को ग्रामीणों ने वन विभाग के टीम को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार के सुबह सिलीदाग मे लक्ष्मण राम के सरसों के खेत में छुपे हिरण को देखकर बच्चे शोर मचाने लगे। शोर सुनकर हिरन भागने लगा। भागने के चक्कर में नागेंद्र राम की चारदीवारी को छलांग मारते हुए घर में जाकर छुप गया। गांव में हिरण घुसने की सूचना जैसे ही लोगों को मिली हिरन देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। भागने के क्रम मे चेहरा में चोट लगी है जिसका इलाज कराया जा रहा है। वरिय आकिारियों को सूचित कर दिया गया है। दिशा निर्देश मिलने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब निर्माण में जेसीबी का उपयोग, कार्य बंद

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के बुका गांव के लक्ष्मण मेहता के खेत में तालाब निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने की सूचना मिलने के बाद जांचों उपरांत योजना को बंद कर दिया गया है। बताते चले कि बुका के लक्ष्मण मेहता की खेत मे मनरेगा योजना से तालाब निर्माण कार्य में जेसीबी का उपयोग करने के सूचना ग्रामीणों द्वारा बीडीओ जयपाल महतो को दिया। बीडीओ जयपाल महतो ने योजना स्थल पर बीपीओ एवं जेई को भेज कर जांच कराया। जांच में लाभुक द्वारा तालाब में जेसीबी चलाने का निशान मिला। बीपीओ दयानन्द प्रजापति के द्वारा रिपोर्ट दिया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद बीडीओ ने योजना को बंद करवा दिया।

### राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड कमिटी गठित

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड कमेटी की बैठक सेवानिवृत्त सेल कर्मचारी रामेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से भृगुण ठाकुर को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि धनंजय ठाकुर को सचिव, सुनील कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर, प्रो. डॉ स्कंद भारती, शिक्षक सुरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अमरेश कुमार ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, शेषनाथ ठाकुर, सतेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर सहित काफी संख्या में नाई समाज के लोग उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**गढ़वा।** महाशिवरात्रि के मौके पर गढ़वा के गिजना स्थित बाबा खोन्हर नाथ महादेव मंदिर पहुंचे गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने का मांग सौंपा।

### मारपीट में युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के हूर मया गांव निवासी स्व.मटर चौारी का पुत्र अजय कुमार चौधरी मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। अजय ने बताया कि उसके पास काफी मछली बचाने के कारण वह अपनी मछली का कम रेट करके बेच रहा था। इसी बात को लेकर फरठिया गांव निवासी हरदेव चौधरी एवं उसके बड़े पुत्र ने अजय कुमार चौधरी को मारपीट कर घायल कर दिया।

### कोयलांचल में बाहरी की दबदबा चरम पर: रैयत

**टंडवा (चतरा)।** झारखंड सरकार की नियमों का उलंघन करने वाला मगध कोल परियोजना के महाप्रबंधक केके सिन्हा के इशारों पर कोयला से जुड़े बाहरी कामगारों का दबदबा चरम सीमा पर है, जिससे स्थानीय भूरैयतों में आक्रोश देखी जा रही है। उक्त समस्याओं की समाधान नही हुई तो स्थानीय भूरैयत उग्र आंदोलन की मुड में।

## न्यूज डायरी

### स्ट्रेंथ और फिजिकल फिटनेस पर रहेगा फोकस : जननेके शोपमैन

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए रविवार से शुरू हो रहे भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर का समापन 26 मार्च को होगा। मुख्य कोच जननेके शोपमैन ने कहा कि आगामी सत्र के लिए शिविर में शारीरिक फिटनेस में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। शिविर को लेकर शोपमैन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हम इस आगामी सप्ताह में अपना कैंप शुरू कर सकते हैं।

### खिलाड़ियों के आठ कोचों को मिलेगा नकद पुरस्कार : मनोहर लाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों के कोचों को भी नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया है। खेलकूद विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी स्वीकृति दे दी है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से आठ कोचों को नकद पुरस्कार का लाभ मिलेगा। हरियाणा खेल विभाग के निदेशक आईपीएस पंकज नैन ने मंगलवार को बताया कि कुश्ती के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन करने वाली विनेश फौगाट के कोच ओम प्रकाश दहिया को सर्वाधिक 35 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### पृथ्वी शॉ से हाथापाई के मामले में तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से हाथापाई मामले में मुंबई पुलिस ने दो और लोगो को कस्टडी में लिया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक अब तक कुल तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 5 लोग अब भी फरार है। गिरफ्तार हुए तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, मामले की आरोपी सपना गिल को पुलिस ने शुक्रवार को अंधेरी कोर्ट में पेश किया था। सपना को 20 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उधर, ओशिवारा पुलिस ने शॉ के दोस्त आशीष यादव का दोबारा बयान दर्ज किया। आशीष यादव के मुताबिक, आरोपी लड़की ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। मुंबई पुलिस ने धारा 387 (किसी व्यक्ति से जबरन वसूली करने के लिए उसे मौत या गंभीर चोट का भय दिखाना) को एफआईआर में जोड़ा है।

# दिल्ली टेस्ट : भारत की पहली पारी 262 पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया को 62 रन की बढ़त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। दूसरे दिन के खेल में टीम इंडिया अपनी पहली पारी में 262 रन ही बनाकर सकी। हालांकि पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ एक रन की बढ़त हासिल हुई। वहीं तीसरे सेशन में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 12 ओवर की बल्लेबाजी जिसमें उन्होंने एक विकेट के नुकसान पर 61 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रीज पर ट्रेविड हेड 39 और मार्नश लाबुशेन 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

#### विराट और जडेजा ने भी की शानदार बैटिंग

पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने शानदार बैटिंग करते हुए शतकीय साझेदारी की, जिससे टीम इंडिया की इज्जत बच गई। विराट कोहली (84 गेंदों में 44 रन) और रविंद्र जडेजा (74 गेंदों पर 26 रन) ने लंच के बाद के सत्र में पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़कर भारतीय पारी को स्थिरता प्रदान की लेकिन टॉड मर्फी पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इससे पहले मर्फी ने पिछले कुछ समय से भारत के लिए लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर रहे जडेजा को पगबाधा किया। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद विकेटकीपर भरत (पांच) ने बल्ले से एक और बार निराश किया। वह स्वीप शॉट खेलने के चक्कर में गेंद उनके ग्लव्स में लगी और स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ ने विकेटकीपर के पीछा भाग कर शानदार कैच लपका।




#### राहुल लगातार हो रहा है असफल

राहुल की लगातार असफलता के बाद एक बार फिर से शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल को अंतिम एकादश में मौका नहीं देने के टीम प्रबंधन के फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित एक बार फिर स्वीप शॉट को प्रभावी तरीके से खेल रहे थे, लेकिन वह लायन की सीधी गेंद को पढ़ने में चूक कर बोल्ड हो गये। स्टेडियम में लगभग 20,000 दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट ने 100वें टेस्ट में पुजारा का स्वागत किया।

### विराट कोहली के विकेट पर मचा बवाल, अंपायर पर निकाली भड़ास

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जमकर ड्रामा हुआ। विराट कोहली विवादास्पद तरीके से अपना विकेट गंवा बैठे। ऑन फील्ड अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया, जिसके बाद रीव्यू की अपील पर थर्ड अंपायर ने भी यही फैसला बरकरार रखा। 44 रन पर आउट होने वाले विराट इस फैसले से बिलकुल नाखुश नजर आए। ड्रेसिंग रूम के भीतर पूर्व कप्तान की झुंझलाहट साफतौर पर देखी जा सकती थी। कुर्सी पर हाथ मारकर वह अपनी भड़ास निकालते दिखे। इस दौरान कोच राहुल द्रविड़ और बैटिंग कोच विक्रम राठौर भी बार-बार टीवी पर इस विकेट का रीप्ले देख रहे थे।



#### पहले बैट या पैड?

विराट कोहली का आउट होना, भारत को छठा झटका था। वह तेजी से अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे। धैर्यपूर्वक शानदार पारी खेल रहे थे। 84 गेंदों की अपनी पारी के दौरान आउट होने से पहले वह सिर्फ 5 मर्तबा ही बीट हुए या शरीर पर गेंद खाई। 50वें ओवर की तीसरी बॉल पर स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को रोकने की कोशिश में गेंद पैड पर जा टकराई। जोरदाप अपील पर अंपायर नितिन मेनन ने उंगली उठा दी। कोहली ने रिव्यू लेने में बिलकुल देरी नहीं की क्योंकि उन्हें यकीन था कि बॉल पहले बैट पर लगी है।

### सांसद खेल महोत्सव का दूसरा दिन

## कबड्डी, बैडमिंटन, एथलीट, तीरंदाजी, योगासन संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आज के प्रतियोगिता में गर्ल्स एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में फर्स्ट आरती कुमारी मोराबादी, सेकंड उर्मिला कुमारी मोराबादी, थर्ड सरिता कुमारी धुर्वा, 400 मीटर गर्ल्स फर्स्ट प्रियंका ओरमांझी, सेकंड वर्षा कुमारी खलारी थर्ड आरती कुमारी मोराबादी रही।

वहीं 600 मीटर गर्ल्स फर्स्ट किरण्ती कुमारी रांची, सेकंड दिव्यानी लिंडा कांके, थर्ड प्रियंका कुमारी अनगड़ा, एथलीट 100 मीटर बॉयस फर्स्ट अरुण कुमार रांची, सेकंड विक्की लोहरा रांची, थर्ड मोहम्मद जैनुल रांची, 400 मीटर बॉयस फर्स्ट रवि गणेश कुमार हटिया, सेकंड अभिषेक टोप्पो रांची, थर्ड प्रदीप कुमार रांची, 600 मीटर बॉइस फर्स्ट प्रेम कुमार महतो रांची, सेकंड अमन कुमार महतो मोराबादी, थर्ड विश्वजीत महतो इचागढ़ चुनी गयी है।

लॉन्ग जंप सब जूनियर बॉयज फर्स्ट विकास टोपों मांडर, सेकंड दिनेश वोकटो अनगड़ा, थर्ड शुभम कुमार ओरमांझी, सब जूनियर गर्ल लॉन्ग जंप फर्स्ट कोमल तिर्की रांची, सेकंड पूर्णिमा मुंडा ओरमांझी, थर्ड रितु लकड़ा रांची, 800 मीटर सीनियर बॉयज फर्स्ट प्रदीप कुमार रांची, सेकंड रंजीत कुमार ओरमांझी, थर्ड विक्रांत कुमार महतो रांची, साहिब कबड्डी बोस बैडमिंटन तीरंदाजी और योगासन का फाइनल कल सुबह संपन्न होगा। आज के सभी विजेताओं को मेडल दिया गया।


मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व सांसद अजय मारू, रंजन सिंह, विनय जयसवाल, संदीप वर्मा, रमेंद्र सिंह, राजीव सहाय के साथ में वैसे सभी प्रतिभागी जिन्होंने सांसद खेल महोत्सव में भाग लिया सभी के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मिले भारतीय विदेश मंत्री

## क्रिकेट की चर्चा संग भारत-ऑस्ट्रेलिया में रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

**सिडनी।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के प्रवास पर पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से मुलाकात की है। इस दौरान क्रिकेट की चर्चा के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की कई तस्वीरें साझा करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने ट्वीट किया है कि शनिवार सुबह सिडनी के किर्रीबिल्ली हाउस में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तिगत शुभकामना संदेश दिया। इस दौरान हुई चर्चा में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर



दिया गया। भारतीय विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए दोनों देशों की ओर से किये जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच क्रिकेट पर भी चर्चा हुई। इसके लिए ट्वीट कर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, और हां, हमने क्रिकेट पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच हिंद प्रशांत महासागर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

भारतीय विदेश मंत्री ने रायसीना@सिडनी बिजनेस ब्रेकफास्ट को संबोधित किया। यह आयोजन पहली बार ऑस्ट्रेलिया में हो रहा है। आयोजन में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय वातावरण में एक जैसे विचार वाले देशों को मिलकर काम करना होगा। इससे अर्थव्यवस्थाओं पर मंडराते खतरे कम होंगे। उन्होंने डिजिटल दुनिया की चुनौतियों का मिलकर सामना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के स्थायित्व के लिए मिलकर काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत और ऑस्ट्रेलिया एक गंभीर साझेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इसके लिए सभी सहयोगियों की प्रशंसा की जानी चाहिए।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड : कप में 11 रन से हारा भारत, काम न आईं स्मृति-रिचा की पारियां

### इंग्लैंड ने टूर्नामेंट इतिहास में छठी बार भारत को हराया

एजेंसी

**केबेरा।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने भारत को 11 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए थे। 152 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया 20 ओवर में 5 विकेट पर 140 रन ही बना सकी। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने सबसे 52 रन और रिचा घोष ने 47 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए नैटली सीवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। उन्होंने दूसरी पारी में एक कैच और एक रन आउट भी किया। एमी जोन्स ने 40 और कप्तान हीथर नाइट ने 28 रन की पारी खेल टीम को 150 के पार पहुंचाया। भारत के लिए रेणुका सिंह ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए थे।




**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्ज, रिचा घोष (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, शिखा पांडे, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़ और रेणुका सिंह।

**इंग्लैंड** : हीथर नाइट (कप्तान), सोफिया डंकली, डेनी व्याट, एलीस कैप्सी, नैटली सीवर-ब्रंट, एमी जोन्स, केथरीन सीवर-ब्रंट, सोफी एक्लेस्टन, चार्ली डीन, सारा ग्लेन और लौरेन बेल।

#### काम न आई मंधाना-रिचा की पारी

152 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआती खराब रही। शेफाली वर्मा चौथे ओवर में ही पवेलियन लौट गईं। उनके बाद मंधाना ने जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ पारी संभाली। लेकिन, 10वें ओवर में जेमिमा और 11वें ओवर में हरमनप्रीत कौर भी आउट हो गईं। मंधाना ने रिचा घोष के साथ पारी आगे बढ़ाई। मंधाना 52 रन बनाकर आउट हो गईं। दीप्ति शर्मा भी कुछ खास नहीं कर सकी और 7 रन बनाकर रन आउट हुईं। आखिरी 6 बॉल पर टीम को 31 रन की जरूरत थी।

#### रेणुका ने हर ओवर में दिए झटके

इंडिया विमेंस टीम को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने शानदार शुरूआत दिलाई। पहले ही ओवर में डेनी व्याट को कैच आउट कराने के बाद उन्होंने पारी के तीसरे ओवर में खतरनाक एलीस कैप्सी को भी पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में उन्होंने ओपनर सोफिया डंकली को भी बोल्ड कर दिया। पावरप्ले के बाद रेणुका ने 20वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की चौथी बॉल पर एमी जोन्म को एलबीडब्ल्यू करने के बाद पांचवीं बॉल पर उन्होंने केथरीन ब्रंट को लॉन्ग ऑन पर कैच आउट कराया।

### बिहार की ट्रेनों में लूट-पाट की घटनाएं बढ़ीं, यात्री दहशत में

**पटना।** बिहार में ट्रेनों को अब बदमाशों ने आसान निशाना बना लिया है। यहां अब यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। चलती ट्रेन में लूटपाट की घटनाएं अचानक तेज हो गयी है। पिछले गुरुवार रात को कुछ ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें लूट का विरोध करने पर यात्रियों की जान भी बदमाश आसानी से ले रहे हैं। औरंगाबाद जिले के जम्हौर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन और शंकरपुर रेलवे गुमटी के बीच बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया। गुरुवार की रात करीब 8 बजे कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। हथियारों से लैश बदमाशों के लूटपाट का जब एक स्वर्ण कारोबारी ने विरोध कर दिया तो बदमाशों ने उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया।

### सीएम मुझे धक्का भी देंगे तो भी मैं उनके साथ रहूंगा : जीतन राम

**जहानाबाद।** हम पार्टी के नेता एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी शनिवार को जहानाबाद के मखदुमपुर बाजार में कोल्ड स्टोर का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं महागठबंधन में ईमानदारी पूर्वक हूं और नीतीश कुमार पर मुझे पूरा विश्वास है। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की हैं, तो उन्होंने कहा कि इसमें हर्ज क्या है। संतोष कुमार सुमन में मुख्यमंत्री बनने लायक सभी काबिलियत है। अगर वह मुख्यमंत्री बनाए जाता है तो बिहार के विकास की गति और आगे बढ़ेगी। नीतीश कुमार ने मुझ पर विश्वास कर मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी। मैंने अपने 9 महीने के कार्यकाल को पूरी ईमानदारी पूर्वक किया।

### नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, बंद कमरे में मिला शव

**सीवान।** सीवान में एक नवविवाहिता का ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। नवविवाहिता का शव कमरे में बंद पड़ा मिला। मृतका के शरीर पर जख्म के निशान मिले है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। ससुराल पक्ष के लोग नवविवाहिता का शव छोड़ कर घर से फरार हो गए है। घटना महाराजगंज थाना क्षेत्र के नया बाजार की है। मृतका की पहचान सारण जिले के रिविलगंज गांव निवासी उदय प्रसाद की पुत्री पूजा गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महाराजगंज के नया बाजार निवासी राघव प्रसाद के पुत्र शशांक कुमार उर्फ राजा बाबू से पूजा गुप्ता की 3 साल पूर्व हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी।

### कांग्रेस अगर मेरा सुझाव माने तो भाजपा को मात्र 100 सीट : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बड़ा दावा किया। नीतीश कुमार ने कहा कि अगर कांग्रेस मेरा सुझाव मान लेगी तो 2024 के आम चुनाव में भाजपा पूरे देश में 100 सीटों के नीचे चली जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि अगर कांग्रेस मेरा सुझाव नहीं मानती है तो फिर वो जानती है कि क्या होगा? नीतीश कुमार ने पटना में सीपीआई-एम के 11वें आम सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बातें कही। नीतीश कुमार ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप लोग (कांग्रेस) जल्द फैसला लें। यदि वे मेरा सुझाव लेते हैं और एक साथ लड़ते हैं, तो वे (बीजेपी) 100 सीटों से नीचे चले जाएंगे, लेकिन अगर वे मेरा सुझाव नहीं लेते हैं, तो आप जानते हैं कि क्या होगा।

### शिंदे गुट को शिवसेना का सिंबल दिये जाने पर तेजस्वी बोले

## सही नहीं हुआ उद्धव के साथ

एजेंसी

**पटना।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना पार्टी और सिंबल दिए जाने पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा कि उद्धव ठाकरे के साथ सही नहीं हुआ है। शनिवार को राजधानी के एसके मेमोरियल हॉल में भाकपा माले के राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि यह चुनाव आयोग का फैसला है। 'मुझे लगता है कि उद्धव जी के साथ ठीक नहीं हुआ है'।

**आयोग के निर्देश :** बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को शुक्रवार को तब बड़ा झटका लगा था, जब चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के वर्तमान



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थन में अपना फैसला सुनाया था। चुनाव आयोग ने आदेश दिया था कि एकनाथ शिंदे गुट द्वारा पार्टी का नाम शिवसेना और पार्टी का प्रतीक धनुष और तीर रखा जाएगा। उद्धव गुट ने बिना चुनाव कराए अपनी मंडली के लोगों को अलोकतांत्रिक रूप से पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए इसे बिगाड़ा। बहरहाल, चुनाव आयोग की इस फैसले के बाद राजनीति बयानबाजी तेज हो गयी है।

## राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने उतारी शिव बारात की आरती

### पटना में भूत प्रेतों ने किया डीजे की धुन पर डांस

एजेंसी

**पटना।** महाशिवरात्रि के मौके पर बिहार के विभिन्न हिस्सों में शाम से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। बारात में भूत-प्रेत का वेश धारण किए युवक आकर्षण का केंद्र बने रहे। कई बारात में भगवान शिव-पार्वती की प्रतिमा भी शामिल की गई। डीजे की धुन पर बारातियों ने जमकर डांस किया। वहीं, कई पूजा समितियों ने बारात की जगह-जगह स्वागत करने और शर्बत पिलाने का भी प्रबंध किया था। इससे पूर्व पटना समेत सभी जिलों में शनिवार की अहले सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ जुट गई। हर हर महादेव, बम बम भोले की गूंज ने पूरा माहौल भक्तिमय



बना दिया। महाशिवरात्रि के लिए पटना के खाजपुरा शिव मंदिर को एलईडी लाइट, जगमग रोशनी और फूलों से सजाया गया। यहां बने मुख्य मंच पर शाम को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे। दोनों ने ही बारात का और झांकी में आए कलाकारों का आरती कर स्वागत किया।

#### हाजीपुर में शिव बारात में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

हाजीपुर के शिव बारात की बात ही अलग है। सैकड़ों झांकियां, लोगों का हुजूम, ढोल नगाड़े उड़ाते गुलाल के बीच भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। वैशाली जिले के हाजीपुर महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा पतालेश्वर मंदिर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पूजा अर्चना करने के बाद शिव की बारात में शामिल हुए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बैलगाड़ी पर सवार होकर शिव की बारात की अगवानी की।

## पेज 1 का शेष...

### झारखंड का विकास ...

शपथ ग्रहण के तुरंत बाद नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नमन करते हुए राज्य की बेहतरी के लिए आशीर्वाद मांगा। राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना के बाद उनके वंशजों से मुलाकात की। साथ ही कहा, मैं फिर आऊंगा। राज्यपाल ने कहा कि वो यहां आकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राज्यपाल को वहां जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पारंपरिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों एवं सखी मंडल की दीदियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल के उलीहातु आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी।

### भूत-बैताल संग निकली...

बासुकीनाथ धाम में महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनायी गयी। अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही शिव भक्तों की लंबी कतार फौजदारी नाथ के दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ा। धूमधाम के साथ शिव बारात निकली। इस दौरान भारी तादाद में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के शिव भक्त महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए बासुकीनाथ पहुंचे हुए थे। देर शाम मंदिर का पट बंद होने तक लगभग सवा लाख श्रद्धालू जल चढ़ा चुके थे। ब्रह्म मुहूर्त की बेला से ही डीसी रविशंकर शुक्ला एवं एसपी अंबर लकड़ा के निर्देशन में प्रशासनिक अमला विधि व्यवस्था बनाए रखने की कवायद में लगे हुए थे। श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक पूजा-पाठ कराने के लिए भारी सुरक्षाबल की मंदिर परिसर में तैनाती थी। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर झारखंड वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। सीएम ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर राज्य की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### कृषि विपणन शुल्क पर...

उन्होंने कहा कि विधेयक में बाजार समिति के माध्यम से क्रय- विक्रय की जाने वाली वस्तुओं पर 2 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जिससे इन सभी वस्तुओं के उपभोक्ता मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है। ऐसे में जनता को राहत देने और महंगाई का अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़े, इसके लिए बाजार शुल्क विधेयक में 2 प्रतिशत टैक्स के अधिरोपण पर पुनर्विचार करें। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी उपस्थित थे।

### जी-20 शिखर सम्मेलन : केंद्रीय मंत्री ने...

पहले दिन रांची में ही बैठक होगी। दूसरे दिन सभी प्रतिनिधियों को पतरातू लेक घुमाया जायेगा। बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों को पतरातू लेक में किसी तरह की गंदगी या अव्यवस्था न दिखे, इसलिए पतरातू लेक रिजॉर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान लेक परिसर, मीटिंग हॉल सहित अन्य संरचनाओं को करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से संवारा जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जी-20 सम्मेलन झारखंड में होना गर्व की बात है। इसके सफल संचालन के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। संपर्क अधिकारी के तौर पर जिन पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की होगी, वो डेलीगेट्स के आगमन, भ्रमण, होटल में ठहरने और प्रस्थान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे।

# देवघर में उमड़ा जनसैलाब, शिव बारात में शामिल होने पहुंचे अभिनेत्री भाग्यश्री और मनोज तिवारी

शिव बारात में शामिल होने भोजपुरी के सुपर स्टार और भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री देवघर पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को बैद्यनाथ धाम की धरा पर देवतुल्य श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाबा का जलार्पण करने के लिए श्रद्धालु सुबह 3:50 से हीं कतारबद्ध होकर अपने होल्डिंग प्वाइंट में विश्राम कर रहे थे। ऐसे में लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पूर्व से हीं होने वाली अप्रत्याक्षित भीड़ को लेकर चौकस थी। सम्पूर्ण रुट लाइन के साथ-साथ बीएड कॉलेज, क्यू कॉम्प्लेक्स, नाथबाड़ी व मंदिर प्रांगण में कतारबद्ध कांवरियों के लिए सुविधा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, बायोटॉयलेट, लाईट के साथ-साथ उनके भक्ति भावना को जागाए रखने के लिए पूरे रूट लाईन में शिवधून बजाने की व्यवस्था की गयी है। रूट लाइन निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने के लिए कतार के टेल एण्ड से कतारबद्ध कांवरिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाय, ताकि श्रद्धालुओं को ज्यादा देर कतार में न रहना पड़े।







## महाशविरात्रि पर ओम शांति भवन से निकाली गई शांति यात्रा

**दुमका।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओम् शांति भवन नगर परिषद चौक से शांति यात्रा निकाली गई। शांति यात्रा को संसद सुनील सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, अमरेंद्र यादव, आनंद जयसवाल ने शिव बाबा का झंडा लहराया और शोभा यात्रा को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। जिसमें ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बच्चे-बच्चियां, गणेश, शंकर, पार्वती के रूप में झांकी किया गया। शांति यात्रा नगर भ्रमण करते हुए रसिकपुर ब्रह्मा कुमारीज दुमका का ही शाखा गीता पाठशाला गया नगरपालिका चौक स्थित शाखा मे बच्चो के द्वारा शिव बाबा के गीत मे नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संदीप कुमार जय बमबम, खोखण दा, मनोज घोस, राधेश्याम वर्मा, अध्यक्ष हिंदू परिसद् सुनील कुमार मोदी, श्याम मित्र मंडली, राजकुमार हिम्मत सिंहका शामिल हुए।



शिव-पार्वती की झांकी, शांति यात्रा निकालती महिलाएं

## बासुकिनाथ में महाशिवरात्रि पर उमड़ पड़ा शिव भक्तों का सैलाब, धूमधाम से निकली शिव बारात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकिनाथ।** फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को बासुकीनाथ धाम में महाशिवरात्रि का त्योहार बासुकीनाथ धाम में धूमधाम से मनाई गई। अल सुबह मंदिर का पट खुलते ही शिव भक्तों की लंबी कतार फौजदारी नाथ के दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़े। पक्षियों के कलरव के बीच शिव भक्तों के जयघोश से धार्मिक नगरी बासुकीनाथ गुंजित हो रहा था। सर्वत्र शिवमय वातावरण से दिनभर आस्था की अविरल धारा शिव नगरी बासुकीनाथ में प्रवाहित होती रही। मानो भगवान भोलेनाथ के निराकार से साकार रूप में प्रकटीकरण का दीदार करने के संसार के समस्त शिव भक्त बासुकीनाथ खींचे चले आए हो। इस दौरान भारी तादाद में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के शिव भक्त महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए बासुकीनाथ पहुंचे हुए थे। देर शाम मंदिर का पट बंद होने तक लगभग सवा लाख श्रद्धालू जल चढ़ा चुके थे। ब्रह्म मुहूर्त की बेला से ही डीसी रविशंकर शुक्ला एवं एसपी अंबर लकड़ा के निर्देशन में प्रशासनिक अमला विधि व्यवस्था बनाए रखने की कवायद में लगे हुए थे। श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक पूजा-पाठ कराने के लिए भारी सुरक्षाबल की मंदिर परिसर में तैनाती थी। इसके अलावा वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए मंदिर गेट पर बासुकीनाथ न्यास समिति की तरफ से 300 रुपए का शीघ्र दर्शनम कूपन की बिक्री की जा रही थी। मंदिर के गर्भगृह की गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर निगाह बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा की मदद ली जा रही थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस चिकित्सा सहायता शिविर एवं अग्निशामक वाहन की व्यवस्था प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा की गई थी। मेला क्षेत्र में शांति एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित बनाए जाने को लेकर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पुलिस बल मुस्तैद देखे गए। नगर पंचायत बासुकिनाथ की ओर से श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता पेयजल व अन्य बुनियादी सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया था। बारह ज्योतिलिंगों के प्रकट होने की खुशी में मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि हिंदू धर्मावलंबियों के लिए विशेष स्थान रखता है। यह पर्व हमें काम, क्रोध, मोह, लोभ, मत्सर आदि दुगुर्णों से दूर परम सुख शांति एवं ऐश्वर्य प्रदान करने वाला होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन शिव और माता-पार्वती का मिलन हुआ था। भगवान भोलेनाथ वैराग्य छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किए थे।

## स्पीड न्यूज

### बोड़दा में रक्तदान शिविर आज

**चक्रधरपुर।** टोटेमिक कुड़मी समाज छोटानागपुर, चक्रधरपुर के तत्वावधान में 19 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन संस्कार भवन, बोड़दा में किया गया है। शिविर में रक्तदान के अलावा नि:शुल्क स्वास्थ्य, मुंह, दंत एवं नेत्र जांच भी किया जाएगा। यह जानकारी समाज के पदाधिकारियों ने दी। उन्होंने लोगों से शिविर में बड़ी संख्या में उपसथित होकर आयोजन को सफल बनाने एवं रक्तदान करने की अपील की है।

### दुमका के शिवालयों में श्रद्धालुओं उमड़ी भीड़

**दुमका।** महाशिवरात्रि के अवसर पर दुमका के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शहर के लोग अपने स्थानीय शिव-पार्वती के मंदिरों में सुबह से पूजा अनुष्ठान करते दिखे। दुमका शहर का सुप्रसिद्ध शिवपहाड़ के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। शिव पहाड़ मंदिर पहाड़ों के ऊपर होने के कारण इसका अलग ही पहचान है। शिव पहाड़ मंदिर में नाग पूजा का विशेष महत्व है। शाम सात बजे बाबा की बारात निकाली गई। बारात में भूत-प्रेत, बाघ-हाथी, राक्षस सहित अन्य कई शामिल होंगे।

### गिलानपाड़ा शिव मंदिर में भव्य सजावट

**दुमका।** महाशिवरात्रि को ले गिलानपाड़ा शिव मंदिर को काफी भव्य तरीके से सजाया गया है। शिव विवाह के रस्म के साथ यहां भव्य पूजा का आयोजन किया गया जाता है। आस-पास के श्रद्धालुओं को भीड़ यहां दिन भर पूजा के लिये रही।

### डंगालपाडा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**दुमका।** शहर के डंगालपाड़ा शिव मंदिर में शिव विवाह भव्य रूप मनाया गया। महाशिवरात्रि पर सवेरे यहां भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सवेरे से ही यहां भक्त जुटने लगे। पूजा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शाम में शिव बारात निकालकर शहर के परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचती है उसके बाद भव्य पूजा पाठ के साथ भगवान भोलेनाथ के विवाह का रस्म होता है।

### कुरूवा शिव मंदिर में किया गया भंडारा का आयोजन

**दुमका।** शिव विवाह महोत्सव दुधानी कुरूवा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारा महाप्रसाद का वितरण किया गया एवं भव्य बराति साथ ही बाबा भोलेनाथ की झांकी में भूत प्रेत नन्दी तथा सभी देवताओं की प्रतिमाएं की झांकी और साथ में बाराती निकाली गई। बारात में सभी महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर दानीनाथ मंदिर में मेला का आयोजन, विधायक ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**काठीकुंड/ निज।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को काठीकुंड के बाबा दानीनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु आज अहले सुबह से ही कतारबद्ध होकर पूजा अर्चना करते देखे गए। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सुदुर गांवों से आए सफा होड़ समुदाय के लोगों ने भी बाबा दानीनाथ का जलाभिषेक किया। देर शाम पूरे हर्षोल्लास व गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली जाएगी तत्पश्चात देर रात पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार महादेव पावर्ती का विवाह संपन्न होना है। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा दानीनाथ मंदिर के परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर दस दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा हैद्यआज शनिवार को शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नलिन सोरेन ने दस दिवसीय शिवरात्रि मेला का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया। बताते चलें कि कोविड-19 के कारण पिछले दो वर्ष मेला का आयोजन नहीं हो सका जबकि इस मेला आयोजन पिछले आठ दशकों से किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मंदिर तकरीबन आठ दशकों से ज्यादा पुराना है। मगर इसमें स्थापित वैष्णव और शैव मतों के आराध्य के श्रीविग्रह अति प्राचीन हैं। मूलतः देखा जाय तो एक संग्रहालय है। मेला के उद्घाटन समारोह में जिला जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य आलोक सोरेन, विधायक प्रतिनिधि जॉन सोरेन, बीडीओ रजनीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार, थाना प्रभारी रूपेश कुमार, मेला कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भगत,सचिव मोहन पंडा,कोषाध्यक्ष षस्टी पंडा सदस्य रोशन भगत,गंगा पाल, सिद्धार्थ लाहा आदि उपस्थित थें।



मेला का उद्घाटन करते विधायक

## एक नजर में

### सोनुवा से अवैध केंदू पत्ता लदा वाहन जब्त, चालक व खलासी गिरफ्तार

**चक्रधरपुर।** कोल्हान वन क्षेत्र के संतरा वन क्षेत्र के सोनुवा में वनकर्मियों ने एक अवैध केंदू पत्ता लदे पिकअप गाड़ी को जब्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में वन विभाग ने गाड़ी मालिक सहित 3 पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार संतरा वन विभाग सोनुवा को शुक्रवार की रात गुप्त सूचना मिली कि अवैध रूप से केंदू पत्ता की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग ने एक टीम बनाकर शनिवार की सुबह लोटापहाड़ स्टेशन के समीप कोचापुर गांव के समीप पिकअप गाड़ी संख्या डब्ल्यूबी05सी7853 को जब्त किया। चालक से पूछताछ करने पर चालक ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। साथ ही चालक द्वारा कोई भी परिवहन संबंधी कागजात पेश नही किया गया। जिसके बाद वन विभाग ने गाड़ी को जब्त कर चालक और खलासी को हिरासत में लेकर संतरा वन विभाग सोनुवा ले आए। पूछताछ के बाद वन विभाग ने चालक, खलासी तथा गाड़ी मालिक तपन पाल के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के धारा 41, 42 एवं 52 तथा बिहार केंदू पत्ती(व्यापार नियंत्रण) 1973 की धारा 4,5 एवं 16 के तहत मामला दर्ज कर चालक एवं खलासी को जेल भेज दिया। छापेमारी अभियान में संतरा वन विभाग के प्रभारी वनपाल नारायण बघेल, वनरक्षी भादाव सोरेन, अर्जुन पुरती, कुमार चंद्रशेखर नायक, मनोरंजन महतो, बिरसेन बोयपाई, रवि शंकर हेम्ब्रम, सानो हेम्ब्रम, चालक श्याम तथा होमगार्ड के जवान शामिल रहे।

### मां भगवती केरा मंदिर की सजावट से अभिभूत हुए श्रद्धालु

**चक्रधरपुर।** प्रखंड के केरा स्थित मां भगवती मंदिर नए रंग-रूप में नजर आ रहा है। चक्रधरपुर के बीडीओ संजय कुमार सिन्हा के प्रयास से मंदिर का रंग रोगन किया गया है। इसके अलावा मंदिर को फूलों से सजाया गया है। पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंदिर की साज-सज्जा एवं साफ-सफाई की गई है। शनिवार को पूजा अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को मंदिर की साज-सज्जा खूब पसंद आई। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप सेल्फी भी लिए। इस दौरान बीडीओ संजय कुमार सिन्हा ने मंदिर पहुंच पूजा अर्चना किए एवं साज-सज्जा का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि केरा के मां भगवती मंदिर को धार्मिक पयर्टन का दर्जा दिया गया है। इसके तहत मंदिर व आसपास के इलाकों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। मौके पर बीपीओ निरंजन मुखी, कनीय अभियंता प्रकाश रंजन गुप्ता समेत मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने हाथों में रची मेहंदी



एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम को लेकर मेहंदी कार्यक्रम में शामिल महिलाएं

**दुमका।** शहर में एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम षष्टम् वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयेजन 20 फरवरी को आयोजित होगी। इस को लेकर शनिवार को छोटी ठाकुरवाड़ी मंदिर में श्याम नाम की मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाई। साथ ही 19 फरवरी को विशाल निशान उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह निशान यात्रा छोटी ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकालकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए दादी श्याम मंदिर में समापन किया जाएगा। 20 फरवरी को एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन यज्ञ मैदान में होगा। इस अवसर पर यज्ञ मैदान में मानवेन्द्र सिंह चौहान, राज पारीक, शीतल पांडे, पंकज अग्रवाल, व शिवम् पंसारी के द्वारा भजन का आयोजन होगा। साथ ही खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य श्रृंगारी, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, सवामणी श्याम रसोई का आयोजन होगा। इस अवसर पर समारोह को सफल बनाने में समाज के सदस्य लगे हुए है।

## एएन कॉलेज एनएसएस स्वंयसेवकों ने शिवालयों में चलाया स्वच्छता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** एएनकालेज के एनएसएस विशेष शिविर में तीसरे दिन शनिवार को सेवा और स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। एनएसएस के सभी यूनिट तीन यूनिट के स्वयंसेवक अपने-अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में स्वच्छता और व्यवस्था में सहयोग किया। शिवरात्रि को मंदिरों में दर्शनार्थियों को पूजा के लिए पंक्तिबद्ध कराने में सहायता एवं मंदिर परिसर, मंदिर के गर्भ गृह के अंदर का बेलपत्र आदि को बाहर निकालने के कार्य में सहयोग स्वयंसेवकों ने किया। यूनिट 5 के स्वयंसेवकों ने शिवपहाड, गिलानपाडा और चुटोनाथ शिव मंदिर में श्रद्धालूओं को पंक्तिबद्ध कराने एवं स्वच्छता में सहयोग किया। स्वयंसेवक छात्रों में नितेश कुमार ठाकुर, कुमार अभिनव, सुदीप कुमार, राहुल मंडल, हरिहर मंडल, शिवम कुमार मंडल, जयराम मरांडी, सुमित कुमार, नयना कुमारी एवं नेहा कुमारी शामिल रही। एनएसएस यूनिट 2 और 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय पाठक एवं डॉ प्रमोद झा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने बाबा त्रिपुरारी, नेतुर पहाड़ी मंदिर में सहयोग सहयोग किया। यूनिट 2 में स्वयंसेवका छात्रों में रूपेश कुमार, मनोज पाल, आयुश कुमार, चंदना कुमारी, चमेली कुमारी, गंगा कुमारी एवं महबुब आलम शामिल थे। यूनिट 4 के छात्रों में मिलन कुमार, हर्ष कुमार, अक्षय कुमार, अमन कुमार, आनंद कुमार एवं अंकित गुप्ता आदि शामिल थे।



शिवरात्रि में मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालूओं की भीड़ को कतारबद्ध करते स्वयंसेवक

### गोपाल मंदिर से निकाली गई बाबा की बारात

**दुमका।** शहर के रसिकपुर स्थित शिव-गोपाल मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की सुबह से ही लंबी कतारे लगी रही। स्थानीय लोगों ने महाशिवरात्रि में पूजा-अर्चना के लिए फूल, बेलपत्र आदि समाग्री की दुकानें सड़क किनारे लगा दिया था। शहर से दूर रेलवे स्टेशन के निकट नेतूर पहाड़ी पर स्थापित शिव-पार्वती का भी अपना प्राकृतिक मनोरम स्थल का विशेष महत्व है। शिव-पार्वती की शादी यहां विशेष तरीके से की जाती है।

### धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि का महापर्व

**सरैयाहाट/हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखण्ड स्थित बाबा बालेश्वरनाथ,सुमेश्वरनाथ, सरवाधाम, छोटी रनबहीयार सहित धनबे गांव स्थित शिवालयों में शनिवार को महाशिवरात्रि का महापर्व आस्था व धूमधाम से मनाया गया।अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में पहुंचने लगे थे। अक्षत,पुष्प,बेलपत्र, भांग,दूब, अगरबत्ती,दूध,गंगाजल,फल, प्रसाद आदि पूजा सामग्रियों के साथ शिव मंदिरों में पहुंच श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। पूजा-अर्चना की, व्रत रखा और मन्नतें मांगी। इस दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव, जय शिव-जय शिव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चलता रहा।प्रखण्ड क्षेत्र स्थित ग्रामीण शिवालयों में दिन भर जलाभिषेक होता रहा। मंदिर परिसरों में लगे मेलों में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी का आनंद उठाया।साथ ही उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद शिव की बारात निकाली गई।मंदिर परिसर में सुबह से ही भंडारा शुरू हो गया जो निरंतर देर रात तक चलता रहा।इधर शनिवार दोपहर एक बजे से ही कीर्तन का आयोजन किया गया जो निरंतर रविवार दोपहर एक बजे तक चलता रहेगा। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए हंसडीहा थाना प्रभारी सुगना मुंडा के द्वारा चप्पे चप्पे पर पुलिस बल मुस्तेद किया गया था। समिति के सदस्यों में सतवन सिंह(अध्यक्ष) मुन्ना मिश्रा, सूरज साह, रोहित सिंह, दीपक सिंह, श्रवण वर्मा, रमन सिंह, दिलीप चौधरी, मनोज मिर्धा, रवि जायसवाल,गुड्डू मांझी, कपिल मंडल, मनोज राउत, उदय सिंह,सहित अन्य सदस्य तन मन धन से बाबा के बारात की तैयारी में लगे हुए थे।



## वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी में पश्चिमी सिंहभूम की टीम बनी विजेता

राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम का दबदबा, एथलीट में भी झटके सात मेडल

**खब मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** रांची में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता में पश्चिमी सिंहभूम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे राज्य को चौंका दिया। जिले के खिलाड़ियों का दबदबा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टीम ने फुटबॉल के बालिका वर्ग, वॉलीबॉल में बालक व बालिका तथा बालिक वर्ग के हॉकी प्रतियोगिता में चैंपियन बनी है। टीम के प्रदर्शन से जिले में हर्ष का माहौल है। चक्रधरपुर के बीडीओ संजय कुमार सिन्हा समेत जिले के वरीय अधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं कोच को दूरभाष पर बधाई दी। जबकि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जिला खेल अधिकारी राजेश कुमार चौधरी स्वयं रांची में मौजूद रहे। बालक वर्ग के हॉकी फाइनल में पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने गुमला को 2-1 से पराजित किया। डिफेंडर सामा सांडी पुरती ने शानदार प्रदर्शन किए। जबकि पांडू कंडूलना व गोमिया मूंडू ने एक-एक गोल दागे। वहीं बालिका वर्ग के फुटबॉल के फाइनल में

पश्चिमी सिंहभूम ने सिमडेगा को 2-0 से हराया। टीम ने बनफूल तुबिद के शानदार प्रदर्शन के बदौलत जीत हासिल की। बनफूल ने फाइनल में दोनों गोल मारे, जबकि सेमीफाइनल में अकेले खूंटी के खिलाफ 7 गोल दागे थे। जिले की टीम बालक वर्ग के फुटबॉल के फाइनल में सरायकेला से टाइब्रेकर में तथा बालिका वर्ग के हॉकी प्रतियोगिता में गुमला से सेमीफाइनल में हार गई। वहीं एथलीट में भी जिले के सात खिलाड़ियों ने मेडल झटके। टीम के साथ चक्रधरपुर के खेल संयोजक कश्मीर कांडेयांग, बेल मुंडरी, मानकी कुदादा, शिवा हेम्ब्रोम, कुंदन गोप, दीपक पासवान, लिवलाव बोदरा, गोल्डन चेरावा, ओंकार महतो आदि गए हुए है। विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ियों को दस-दस हजार रुपए तथा उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पांच-पांच हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाएंगे।

